CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 10 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 280 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है वोटों की डकैती: अखिलेश यादव पेज 2



रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास, एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खेल टाइम्स



ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई पेज 11



वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची बॉलीवुड

# उत्तराखंड: बादल फटने से हर्षिल में बनी झील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में पांच अगस्त को बादल फटने के बाद हर्षिल में आई बाढ़ से यहां एक झील बन गई है। वहीं धराली गांव में मलबे में दबे लोगों को खोजने का काम शुरू हो गया है।

भीषण प्राकृतिक आपदा में फंसे कुल 343 लोगों को शनिवार 13.15 बजे तक सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है , अब तक 1000 टूरिस्ट-श्रद्धालुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है। इसके लिए सेना एडवांस पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल कर रही है। इससे खुदाई किए बगैर ही जमीन में दबे लोगों का पता लगाया जा सकता है। पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के नीचे एक हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो तरंग भेजता है, जहां यह मिट्टी, पत्थर, धातु और हड्डियों को अलग-अलग रंगों के जरिये बताता है। इसके जरिये जमीन के नीचे 20-30 फीट तक फंसे लोगों या शवों की पहचान की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी -शेष पृष्ठ दो पर



- **धराली में मलबे के नीचे रडार से लोगों की तलाश शुरू, 1000 टूरिस्ट और श्रद्धालुओं का रेस्क्यू**
- **त्रासदी में मृतकों के परिजनों और टूटे घरों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये की सहायता मिलेगी**

### धराली में नुकसान का आकलन शुरू, दो-तीन दिन में होगा मुआवज़े का वितरण : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धराली क्षेत्र में आपदा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मकान, ज़मीन, खेती और अन्य नुकसान के मुआवजे का आकलन प्रारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में मुआवज़े का वितरण भी शुरू हो जाएगा। श्री धामी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घाटी में फंसे हुए सभी लोगों को सुरक्षित निकालना है जिसे लगभग पूरा कर लिया गया है। साथ ही घर, खेत-खलिहान, कृषि और अन्य नुकसान का विस्तृत सर्वे जारी है ताकि शेष मुआवज़ा शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

### आने-जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20% डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए रियायती राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत यात्रियों को 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। रेलवे की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ को नियंत्रित करना, बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाना और ट्रेनों का कुशल परिचालन सुनिश्चित करना है। यात्री जाने और वापसी यात्रा की बुकिंग एक साथ करने पर इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

### रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को कहा कि निजी रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने रॉकेट के प्रथम चरण के मोटर का सफल परीक्षण करने के साथ एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि स्काईरूट एयरोस्पेस के विक्रम-1 रॉकेट के पहले चरण कलाम 1200 मोटर का पहला स्थैतिक परीक्षण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसरो ने कहा कि यह विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की प्रणालियों के निर्माण एवं प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो आंदोलन के वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा कि हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

### दिल्ली के अस्पताल में आग लगने से एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के आनंद विहार इलाके में स्थित कासमास स्पेशलिस्ट अस्पताल में भीषण आग लग गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए। आग अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी। इसके बाद 11 मरीजों को खिड़कियों का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया और नजदीक के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में दोपहर 12.12 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद 8 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाया।

### रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में देश का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। रक्षा उत्पादन का ताजा वार्षिक आंकड़ा 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का फिर दावा

# गेम चेंजर साबित हुई एस-400 प्रणाली

बेंगलुरु, वार्ता

**एयर चीफ** मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू विमान सहित छह विमान मार गिराए और इस सफलता तथा दुश्मन के आक्रमण को रोकने में एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चूंकि वे हमारे एयरबेस को निशाना बना रहे थे, हमने पूरे सोच-विचार के बाद निर्णय लिया कि हमें बिना और इंतजार किए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विमानों ने हमारी रक्षा प्रणाली को भेदने के प्रयास किया। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने बेहतरीन काम किया। हाल में खरीदी गई एस 400 प्रणाली गेम चेंजर साबित हुई। इस प्रणाली की रेंज ने लंबी दूरी के ग्लाइड बम जैसे उनके हथियारों से उनके विमानों को दूर रखा, वे उनका इस्तेमाल नहीं कर सके। श्री सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के पहले दिन 6-7 मई की रात हमारी हवाई रक्षा प्रणाली की सक्रियता के बावजूद पाकिस्तान के कुछ लंबी दूरी के हथियार हमारी रक्षा को भेदने में सफल रहे थे और कुछ बम हमारे सैन्य इलाकों के काफी करीब गिरे थे। एक बार भारत ने अपने सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों का उपयोग शुरू किया, तो दुश्मन के हमले बेअसर हो गए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर





- **कहा- पाकिस्तानी सेना के पांच लड़ाकू सहित छह विमान मार गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया**

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख आक्रामक हथियार था ब्रह्मोस: डीआरडीओ प्रमुख

**पुणे।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था।

कामत पुणे में रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था। यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को यह बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।

# मां और सौतेली मां में अंतर गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इन्कार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने की। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पेंशन मामले में मां का जैविक मां होना जरूरी नहीं है। साल 2010 में वायुसेना ने अपीलकर्ता का विशेष पारिवारिक पेंशन का दावा खारिज किया था। मामले की अगली सुनवाई 18 सितम्बर को होगी।



- **कोर्ट ने कहा- पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए**

### एयर इंडिया सिक्योरिटी ऑडिट मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया की सुरक्षा और रखरखाव मानकों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसमें याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने और आईसीएओ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से एयर इंडिया की फ्लीट का ऑडिट कराने की मांग की गई थी।

## दिल्ली में तेज बारिश, दीवार गिरने से आठ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। दिल्ली के जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं, तेज बारिश के चलते 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भर रही हैं। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने शनिवार को दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई।

- **बारिश के चलते 100 फ्लाइट्स लेट, कुल्लू में बादल फटा**

## कुलगाम मुठभेड़: दो जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर, वार्ता

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और अन्य दो घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ शनिवार को नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि घायल जवानों को सेना के श्रीनगर 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो जवानों की मृत्यु हो गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने दोनों जवानों की पहचान लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की है। चिनार कोर ने कहा कि चिनार कोर लांस नायक प्रीतपाल सिंह और जवान हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है। उनका साहस और समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। भारतीय सेना गहरी संवेदना व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है।




# राहुल गांधी के समर्थन में उतरे पूर्व सीईसी रावत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फर्जी मतदाता मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत का भी समर्थन मिल गया है।

पूर्व सीईसी का मानना है कि चुनाव आयोग को बेंगलुरु में फर्जी मतदाताओं के बारे में राहुल गांधी के आरोपों की जांच करनी चाहिए। इस विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब मैं वहां था, हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य प्रस्तुत करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने उनसे (पार्टियों से) पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के दौरान बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता थे। उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा मतदाता, दो मतदान केंद्रों पर पंजीकृत था और उसने दोनों जगहों पर मतदान किया। कांग्रेस नेता ने मतदाता सूची के कुछ हिस्सों की स्लाइड्स दिखाते हुए कथित तौर पर बताया था कि एक ही मतदाता का कई बार पंजीकरण हुआ है, पते गलत हैं। एक कमरे वाले मकान में 80 लोगों का पंजीकरण हुआ है और महादेवपुरा के मतदाता दूसरे राज्यों में भी पंजीकृत हैं। इस विवाद के बारे एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में रावत ने कहा कि जब मैं वहां था, तो हमारी नीति यह थी कि अगर किसी पार्टी का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी कोई आरोप लगाता है, तो हम स्वत: उसकी जांच करते और आम आदमी के सामने तथ्य पेश करते ताकि व्यवस्था में विश्वास बना रहे। हमने पार्टियों से पहले शिकायत करने के लिए नहीं कहा। चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर



- **पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा: फर्जी मतदाताओं के बारे में शिकायत का इंतजार नहीं, जांच करे चुनाव आयोग**


मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आईएएस ने होटल कारोबारी पर दर्ज कराई शिकायत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तैनात एक महिला आईएएस अधिकारी ने थाने पहुंचकर होटल कारोबारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आईएएस अधिकारी ने होटल कारोबारी के खिलाफ अपमानित करने व मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवा कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने शनिवार को धूमधाम से अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया और इस मौके पर देशभर में ध्वजारोहण कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस ने देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यक्रम यहां राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने ध्वजारोहण किया।

### पीएम ने छात्राओं से बंधवाई राखी

**नई दिल्ली।** त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर स्कूली छात्राओं से राखी बंधवाई। इस दौरान बच्चे तरह-तरह की राखी लेकर पहुंचे थे। पीएम ने बड़ी ही आत्मीयता के साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया और उनके साथ समय बिताया। पीएम ने बच्चों के साथ बात की और और उन्हें प्यार भी किया। बच्चे भी इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने पीएम को कविताएं भी सुनाईं।

## सरकार से सवाल: क्यों रोका गया ऑपरेशन सिंदूर

# वायुसेना प्रमुख के बयान को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख का नया खुलासा और भी चौंकाता है और सवाल उठाता है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसके दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय लिया। कांग्रेस ने कहा है कि वायु सेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह के खुलासे से साफ है कि पाकिस्तान के खिलाफ चल रही सैन्य कार्रवाई के दौरान जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि आखिर किसके दबाव में और अचानक ऑपरेशन सिंदूर रोका गया।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एयर चीफ मार्शल



■ एयर चीफ मार्शल के खुलासे के बाद बोला हमला

अमर प्रीत सिंह द्वारा शनिवार को किए गए नए खुलासे के बाद, यह सब और भी अधिक चौंकाने वाला है कि प्रधानमंत्री ने 10 मई की शाम को अचानक ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोक दिया। प्रधानमंत्री पर दबाव कहाँ से आया और उन्हें इतना जल्दी क्यों झुकना पड़ा। गौरतलब है कि वायु सेना प्रमुख ने शनिवार को बेगलुरु में कहा कि भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक अन्य विमान को मार गिराया था। सिंह के इसी दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए उनसे सवाल किए हैं।

### चुनाव आयोग पर चर्चा से क्यों डर रही सरकार: मणिक्कम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग को लेकर पहले कई बार संसद में चर्चा हुई है, लेकिन यह पहला मौका है, जब सरकार संसद में आयोग की भूमिका को लेकर चर्चा कराने से डर रही है।

लोकसभा में कांग्रेस के मणिक्कम टैगोर ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू को संबोधित कर सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव आयोग पर संसद में एक बार नहीं कई बार चर्चा हुई है। पिछले 60-65 साल से चुनाव आयोग में सुधार को लेकर बराबर चर्चा चल रही है। श्री रिजिजू को संबोधित अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेता ने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री जी आप संसद में चुनाव आयोग के कामकाज पर चर्चा की अनुमति देने से क्यों डर रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है, संसद ने दशकों में कई बार चुनाव आयोग के आचरण और चुनाव सुधारों पर चर्चा की है। लोकसभा में बार बार सांसदों ने आयोग को लेकर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि 1993 में चुनाव स्थगित करने जैसे मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रभावशाली फैसलों पर भी संसद के दोनों सदनों में खुलकर चर्चा हुई थी। टैगोर ने चुनाव आयोग को लेकर संसद में पहले हुई चर्चाओं का विवरण देते हुए कहा कि राज्यसभा में चुनाव आयोग और चुनाव सुधारों पर बहस 1957 से हो रही है। संसद में चुनाव आयोग को लेकर जो प्रमुख चर्चाएं हुई हैं, उनमें चुनाव नियमों को रद्द करना, चुनावों का पुनर्निर्धारण और स्थगन, साल 1970, 1981, 1986, 1991, 2015 में चुनाव सुधारों पर चर्चा, चुनाव में धनबल के प्रयोग और कानूनों में संशोधनों को लेकर हुई चर्चाएं शामिल हैं। सांसदों ने लोकसभा में इन मुद्दों को बार-बार उठाया है।

# भाजपा के संरक्षण में चुनाव आयोग डालता है डकैती

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चुनाव आयोग वोटो की डकैती डालने में जुटा हुआ है।

अपने गृह जिले इटावा में रक्षाबंधन ने अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिल कर वोटों की लूट करने में जुटे हुए है। भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटो की डकैती की थी और वोटो का अपहरण किया था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने अयोध्या और कुंदरकी के चुनाव में तय किया कि कौन वोट डालेगा और कौन नहीं। भाजपा के इशारे पर सपा के वोट काटे गए, सपा के पास वीडियो है जिसमें एक एक



■ पत्रकारवार्ता में बोले अखिलेश यादव

आदमी ने छह छह वोट डाले, जबकि हमें लगता था कि चुनाव आयोग न्याय करेगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोटों की चोरी का मामला उठाने वाले सवालों पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमेशा चुनाव में यह चिंता रही है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा कि नहीं। सबसे बड़ा उदाहरण यूपी के उपचुनाव में देखने को मिला।

# मुजफ्फरनगर, सहारनपुर समेत यूपी के 30 जिलों में आज झमाझम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का सिलसिले के बीच मौसम विभाग ने कल रविवार को प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसका मतलब है कि इन इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है।

बारिश का यह दौर खासतौर पर मध्य और पश्चिमी यूपी के जिलों को प्रभावित करेगा। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें, सुरक्षित जगहों पर रहें और बिजली गिरने की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, महोबा और ललितपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा और ललितपुर में बादलों की गर्जना के बीच बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

### यूपी में मानसून शुरू होने के बाद अब तक 10 फीसदी अधिक बारिश

**लखनऊ।** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में मानसून की शुरुआत के बाद से 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। एक जून से आठ अगस्त तक उत्तर प्रदेश में 10 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य 416.4 मिमी बारिश के मुकाबले 457.2 मिमी बारिश हुई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य 443.7 मिमी बारिश के मुकाबले 427.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से चार फीसदी कम है।

# चुनाव आयोग ने 334 पंजीकृत दलों के नाम काटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




■ कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है

■ बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर राजनीति दलों की ओर से एक भी दावा-आपत्ति नहीं: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोगआयोग ने शनिवार को कहा कि चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाने के क्रम में उसने पंजीकृत एवं गैर- मान्यता प्राप्त (आरयूपीपी) राजनीतिक दलों की सूची से 334 दलों के नाम हटा दिए हैं।

आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्रवाई बाकायदा जांच पड़ताल के बाद की गई है। फिर भी ये दल चाहें तो 30 दिन के अंदर आयोग के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के प्रावधानों के अनुसार देश में इस समय छह राष्ट्रीय, 67 राज्यस्तरीय और 2854 पंजीकृत एवं गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट), इंडियन नेशनल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता है। नियमत: यदि कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है। पंजीकृत दलों को समय समय पर अनिवार्य रूप से अपने बारे में कुछ विवरण भी देने होते हैं। आयोग ने कहा है कि उपरोक्त नियमों-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में उसने जून, 2025 में राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों की जांच करने को कहा था। जांच के दौरान इन दलों को नोटिस जारी किए गए थे और बात रखने का मौका भी दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट में पाया गया था कि उनमें से 334 दल पंजीकरण शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुन: सत्यापन के लिए अधिका. रियों को वापस भेजा गया है। आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशों पर गौर कर 334 आरयूपीपी को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। इस तरह अब सूची में कुल 2854 आरयूपीपी में से 2520 शेष बचे हैं। निकाले गए दल 30 दिन के भीतर आयोग के समक्ष अपील कर सकते हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मसौदे को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने अब तक एक भी दावा या आपत्ति नहीं की है। मसौदा सूची पहली अगस्त को अपराह्न तीन बजे जारी की गई थी।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 102710
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 117100
प्रति किलो



# छह माह में संचार साथी एप 50 लाख बार डाउनलोड

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार सुरक्षा बढ़ाने और आम लोगों को सशक्त करने के उद्देश्य से इस साल जनवरी में जारी 'संचार साथी' ऐप को 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने देश की व्यापक भाषाई और क्षेत्रीय विविधता को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी, हिंदी और 21 क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करके ऐप की पहुंच का विस्तार किया है।

इस ऐप ने धोखाधड़ी वाले कॉल और संदेशों की रिपोर्टिंग को और भी आसान बना दिया है। अब यूजर कुछ ही टैप में सीधे अपने कॉल और एसएमएस लॉग से रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। संचार मंत्रालय की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि संचार साथी पहल के तहत 5.35 लाख से ज्यादा खोए या चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट वापस मिल चुके हैं। आम लोगों की रिपोर्ट के आधार पर एक करोड़ से ज्यादा अनधिकृत मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं और 'चक्षु'




■ हिन्दी, अंग्रेजी समेत 21 क्षेत्रीय भाषाओं में पहुंच का विस्तार

सुविधा के जरिए चिह्नित 29 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय किया गया है। संचार साथी पोर्टल पर 16.7 करोड़ से ज्यादा लोग विजिट कर चुके हैं, जो इस नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। दूरसंचार विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) भी लागू किया है, जो वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम से जुड़े मोबाइल नंबरों का आकलन और वर्गीकरण करता है। यह उपकरण बैंकों, एनबीएफसी और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, 34 वित्तीय संस्थानों ने एफआरआई रेटिंग के आधार पर 10.02 लाख बैंक खातों/ भुगतान वॉलेट को फ्रीज कर दिया है और 3.05 लाख खातों में लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। 16 मई 2023 को लॉन्च किए गए पोर्टल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए विभाग ने 17 जनवरी 2025 को संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया था, जो उपयोगकर्ताओं को दूरसंचार सुरक्षा सेवाओं तक सीधी और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपनी दूरसंचार पहचान की सुरक्षा करने और संभावित धोखाधड़ी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है। संचार साथी मोबाइल ऐप की मदद से संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट की जा सकती है।

## रक्षाबंधन पर सोने-चांदी के दाम में रहा उछाल

**नई दिल्ली।** शनिवार को देशभर में रक्षाबंधन के त्योहार पर सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट के भाव में उछाल दर्ज किया गया है। वहीं चांदी की कीमतों में भी उछाल आया है। शनिवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,02,710 प्रति दस ग्राम है । आज चांदी की कीमत भी 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

देश के प्रमुख शहरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव 10,347 प्रति ग्राम है। जबकि चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 10332 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9471 हजार रुपये प्रति ग्राम है। जयपुर में 24 कैरेट सोने के भाव की कीमत आज के दिन 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 रुपये प्रति ग्राम है। लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 10347 रुपये प्रति ग्राम है और 22 कैरेट सोने का भाव 9486 हजार रुपये प्रति ग्राम है।रक्षाबंधन से पहले सोने चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के भाव में उछाल दर्ज किया गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के दाम घट गए जबकि गेहूं महंगा हो गया। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। चीनी की कीमत बढ़ गई। चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए की नरमी के साथ 3,802.20 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपए महंगा हुआ और 2,849.23 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी लगभग 22 रुपए की मजबूती के साथ 3,317.21 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 177 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 102 रुपए की गिरावट रही। वनस्पति 14 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। पाम ऑयल 35 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 61 रुपए और सोया तेल का 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 15 रुपए और तुअर दाल करीब 99 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गई। उड़द दाल में 44 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 60 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 31 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन: दाल चना 7958.30 रुपए, मसूर काली 8140. 35 रुपए, मूंग दाल 10142.08 रुपए, उड़द दाल 10464.55 रुपए, अरहर दाल 10839.22 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.23 रुपए और चावल 3802.20 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327. 81 रुपए और गुड़ 4992.58 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड:..**

है। 100 से 150 लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने धराली में घटनास्थल का दौरा किया है और स्वास्थ्य विभाग ने वहां कैंप लगाए हैं। वे उत्तरकाशी जिला अस्पताल भी जाएंगे, जहां कुछ मरीज भर्ती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। धराली में 7 से 9 डाक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। 28 एंबुलेंस और बैकअप एंबुलेंस तैनात हैं। 15 में से 4 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। ज्यादातर लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और राहत-बचाव अभियान अगले 1-2 दिनों में पूरा हो जाएगा। धराली गांव में आपदा से जिनके घर पूरी तरह टूट गए या नष्ट हो गए हैं, उन्हें पुनर्वास या विस्थापन के लिए 5 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इसके अलावा, आपदा में जिनकी मौत हुई है, उनके परिवारों को भी 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शनिवार दोपहर एक बजे तक कुल 223 लोगों को धराली हर्षिल से आईटीबीपी मातली तथा 107 लोगों को चिन्यालीसौड़ हवाईपट्टी पर पहुंचाया जा चुका है।

**गेम चेंजर...**

कहा कि शुरू में दुश्मन की तरफ से बड़े पैमाने पर मोर्चा बंदी की जा रही थी, लेकिन जब हमारी तरफ से पहली मिसा. इल दागी गई, तो अचानक हमने पाया कि मोर्चा बंदी गायब हो गई। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान का विवरण देते हुए वायुसेना प्रमुख ने बताया कि भारत ने दुश्मन के कम से कम पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा एक और बड़े विमान को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया जो संभवत: एलइन्ट (इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस) या एईडब्ल्यूएंडसी (एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल) विमान था, जिसे करीब 300 किमी की दूरी से मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सबसे लंबी दूरी पर किसी लक्ष्य को निशाना बनाने का वाकया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मुरीद और चकलाला में पाकिस्तान के दो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, छह छोटे-बड़े रडार और लाहौर तथा ओकाला में दो सर्फेस टू एयर गाइडेड वेपन सिस्टम नष्ट कर दिए। सरगोधा और रहीमयार खान एयरबेस पर पाकिस्तान के दो रनवे को भी भारत ने नेस्तनाबूत कर दिया। इसके अलावा तीन हैंगर भी ऑपरेशन सिंदूर में नेस्तनाबूद कर दिए गए। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि एक यूएवी हैंगर को तबाह किया गया।

**राहुल गांधी...**

के सूत्रों ने पत्रकारों के साथ अनौपचारिक रूप से एक खास परिवार के सदस्यों की तस्वीर शेयर की, जिनके हाथ में मतदाता पहचान पत्र थे। इस परिवार को राहुल की फर्जी मतदाताओं की सूची में इसलिए शामिल किया गया था, क्योंकि इसके सदस्यों की तस्वीरें उनकी पार्टी को दी गई मतदाता सूची की प्रति में दिखाई नहीं दे रही थीं। एक्स पर एक पोस्ट में आयोग ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि वो हर फ़र्ज़ी मतदाता के लिए शपथ लेकर और मतदाता पंजीकरण नियमों के तहत शिकायत दर्ज कराएं या फिर देश से माफ़ी मांगें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भी कांग्रेस से इस विवाद पर अपने ज्ञापन के समर्थन में दस्तावेज़ पेश करने को कहा है।

# चुनाव हारते हैं कांग्रेसी, तो मढ़ने लगते हैं आरोप: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटरों के लगाए गए आरोपों पर बीजेपी ने कड़ा पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर बिना सबूत के चुनाव आयोग पर आरोप लगाने का आरा. ेप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी देश की संवैधानिक संस्था पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी को पूरा देश नेता प्रतिपक्ष कम नेता अपरिपक्व अधिक मानता है। इससे अब ये साफ हो गया है कि अब वो विध्वंसक हो गए हैं।

फर्जी वोटर के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि आपको आरोप लगाने का अधिकार है, लेकिन मेरा सवाल ये है कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को धमकी देने लगे हैं? क्या एक नेता प्रतिपक्ष ऐसा कर सकता है, झूठ का कारोबार फैलाने के लिए राहुल गांधी अनर्गल बयान दे रहे हैं।



गैर जिम्मेदार राहुल लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या नेता प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं। भाटिया ने कहा कि ये लोग जब चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाने लगते हैं। ये आरोप लगाते हैं, लेकिन आधिकारिक रूप से शिकायत नहीं दर्ज कराते हैं। जब तथ्यों को लेकर जवाब मांगा जाता है कि शपथ पत्र दीजिए, तो कहते हैं वो मैं नहीं दूंगा। देश में अराजकता, नफरत फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना किसी तथ्य के आरोप लगाने उनका काम है। बीजेपी ने कहा कि राहुल गांधी की मांग है कि उन्हें रीडेबल फॉर्मेट में वोटर लिस्ट दी जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मृतक आश्रित न होने पर भी कानूनी वारिस वाहन दुर्घटना के मुआवजे का हकदार: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा कि मृतक आश्रित न होने पर भी मृतक का कानूनी वारिस वाहन दुर्घटना के मुआवजे का हकदार है।

वाहन दुर्घटना में मृतक के कानूनी वारिस को मोटर वाहन कानून के तहत मिलने वाले मुआवजे से महज इस आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता कि वह मृतक पर आश्रित नहीं था। न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह टिप्पणी मोटर वाहन दुर्घटना के मुआवजे के मामले में राज्य की ओर से दाखिल दो अपीलों को खारिज करके फैसले में की। अपीलों में मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के निर्णय(अवार्ड) को चुनौती दी गई थी। इस मामले में कोर्ट के समक्ष मुद्दा था कि क्या मोटर वाहन कानून के तहत निर्धारित सीमा से बाहर मृतक की विवाहित पुत्री को मुआवजे का दावा



करने से बाहर किया जा सकता है। इस मामले में दावेदार विवाहित पुत्री तबस्सुम ने मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के समक्ष यह कहकर मुआवजा पाने का दावा किया कि वर्ष 2009 में काकोरी थानाक्षेत्र में मोहान रोड पर उसके पिता आफताब हुसैन और भाई तनवीर हुसैन मोटरसाइकिल से जा रहे थे। सामने से आ रहे ट्रक से दुर्घटना होने पर दोनों की मृत्यु हो गई थी। इस दावे पर अधिकरण ने दो लाख 13 हजार 200 रुपए और एक लाख 16 हजार 400 रुपये छह प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ मुआवजा अदा करने का निर्णय दिया था। इस निर्णय के खिलाफ राज्य की ओर से सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता व अन्य ने दो अपीलें दाखिल कर अधिकरण के निर्णय को रद्द करने का आग्रह किया। अपीलकर्ताओं ने तर्क दिया कि, चूंकि, दावेदार, एक मृतक की विवाहित पुत्री है, लिहा. जा उसको अपने पिता पर आश्रित नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि दावेदार पुत्री अपने पिता और भाई के साथ रहती थी। ऐसे में महज दावेदार पुत्री के विवाहित होने पर यह नहीं कहा जा सकता कि वह आश्रित नहीं होगी। इस टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने अधिकरण के निर्णय को सही करार देकर दोनो अपीलें खारिज कर दीं।

## बस्ती में छह लुटेरे गिरफ्तार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के छावनी क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने छह अंतर्जनपदीय लुटरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लूट का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र के खतम सराय गांव के समीप लूट की योजना बना रहे छह लुटेरों दिलीप मौर्या, अजय कुमार, कृष्णा यादव, रिशू कुमार , हर्षित श्रीवास्तव तथा सौरव को गिरफ्तार करके इनके कब्जे से 12 मोबाइल, दो चाकू, एक नकली पिस्टल तथा 7150 रूपया बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग अयोध्या बाईपास से जो यात्री अकेला दिखाई देता था उसको गाड़ी में बैठा लेते थे और दूसरे स्थान पर ले जाकर उसको लूट लेते थे। इन लोगों के विरूद्ध कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है।

# रक्षाबंधन पर राजधानी में रिश्तों की महक भावनाओं के रंग और परंपरा की रौनक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में आज रक्षाबंधन का पर्व परंपरा और अपनत्व के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शहर की गलियों, मोहल्लों और घर-आंगनों में बहनों के चेहरे पर खुशी और भाई की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियों की छटा दिख रही थी।

बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी, क्योंकि कई भाई-बहन दूर-दराज से एक-दूसरे से मिलने के लिए घर लौट रहे थे। शहर के कई हिस्सों में यातायात का दबाव बढ़ा और कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी, लेकिन त्योहार की खुशी में इन रुकावटों का कोई असर नजर नहीं आया। त्योहार की भावुकता उस समय और गहरी हो गई जब गोसाईगंज जिला जेल में बंद कैदियों की बहनों को प्रशासन ने विशेष अवसर देकर अपने भाइयों से मिलने और राखी बांधने का मौका दिया।

एक घंटे के इस विशेष समय में जेल के वातावरण में भी अपनत्व और रिश्तों की गर्माहट घुल गई। वहीं कई बहनों ने पुलिस चौकियों और थानों में पहुंचकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी, उन्हें मिठाई खिलाई और उनकी सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। यह ख्रश्य हर किसी के मन को छूने वाला था। मौसम ने भी दिन में कभी धूप तो कभी हल्की बारिश के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे त्योहार का माहौल और सुहावना बन गया। शहर के मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना और भगवान से भाई-बहन की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए प्रार्थनाएं होती रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भाई-बहन के रिश्ते में निहित स्नेह, विश्वास और सुरक्षा की भावना को समाज की अमूल्य धरोहर बताया। रक्षाबंधन का यह दिन हर किसी के लिए भावनाओं से भरा रहा ख्र कहीं मीठी हंसी थी, कहीं गले मिलने के क्षण थे और कहीं विदाई के समय आंखों की नमी। राखी के धागों में लिपटी बहनों की दुआएं और भाइयों के वचन आज भी उसी ख्रढ़ता से गूंज रहे हैं, जैसे पीढ़ियों से भारतीय परंपरा में गूंजते आए हैं।

# पूर्वी उप्र में बारिश-बाढ़ का कहर, राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्वी उत्तर प्रदेश, लखनऊ और आसपास के जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बेहद गंभीर कर दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में सामान्य से एक सौ अठाईस प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे गंगा, घाघरा, सरयू, यमुना और बुंदेलखंड की नदियां उफान पर हैं।

बलिया, भदोही, मिर्जापुर, गाजीपुर, फतेहपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, आगरा, मथुरा समेत कई शहर और सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। मथुरा और आगरा में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के बाद बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। प्रयागराज में स्थिति अत्यंत गंभीर है, जहां हजारों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। अयोध्या में छह माह पहले बना ओवरब्रिज तेज बारिश में धंस गया, वहीं हापुड़ में बारिश में खेल रहे चौदह वर्षीय किशोर की बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। नोएडा, मेरठ और अन्य कई जिलों में सड़कों पर जलभराव, पुल टूटने और भवन क्षति की घटनाएं सामने आई हैं। बाढ़ के बढ़ते खतरे को देखते हुए शासन ने सभी प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें तैनात कर दी हैं। राहत कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं, जिनमें अस्थाई शिविर, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं और शिक्षा विभाग के कई कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, ताकि राहत और बचाव अभियान में कोई कमी न रहे। लगातार हो रही बारिश और पानी के रुकने से मच्छरजनित तथा जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता निर्देश जारी किए हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भारी वर्षा और गरज-चमक की चेतावनी दी है।

# पुलिस महानिदेशक ने की जनसुनवाई, साइबर अपराध की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने जनसुनवाई, साइबर अपराध और प्रशिक्षण को लेकर जारी आदेश की समीक्षा की।

वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये की गई समीक्षा बैठक में सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानि. रीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रभारी मौजूद रहे।

श्री कृष्णा ने बैठक के दौरान अपनी 10 प्राथमिकताओं को दो. हराते हुए क्रमवार सभी प्राथमिकताओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दस प्राथमिकताओं के लक्ष्य को तीन बैक बोन तकनीक, प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विषेषज्ञता के जरिये प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण का मूल्यांकन इन्फार्मेशन एवं डेटा के आधार पर करना होगा। गोष्ठी के दौरान पुलिस महानिदेशक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलों के आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के तुलनात्मक डेटा को दिखाते हुए समीक्षा की तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह स्वयं नियमित रूप से आईजीआरएस के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। पुलिस प्रमुख ने कहा कि थानों की कार्यप्रणाली इस प्रकार विकसित करें कि कोई भी व्यक्ति थाने पर निसंकोच आ कर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। थानों पर अवांछनीय तत्वों का प्रवेश पूर्णतया बंद करा दिया जाये। साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड के बाद से साइबर अपराधों के प्रकरणों में वृद्धि हुई है, इसलिए पुलिस को भी अपनी क्षमता को उसी प्रकार उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है।

थाने पर गठित साइबर सेल के सुदृघीकरण और उनके कार्यों के बारे में निर्देश पहले से ही दिए जा चुके हैं जिनको पूरा करते हुए अगले 15 दिन के अंदर सभी थानों पर साइबर सेल को सुदृढ़ करते हुए वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करा लें कि साइबर सेल में दक्ष एवं भिज्ञ कर्मी ही नियुक्त हों।

उन्होंने थाना स्तर और जिला स्तर के साइबर सेल सुदृघ होकर तत्परता से पीघ्तिों की शिकायतों से संबंधित पोर्टल नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोलटग पोर्टल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करे और इस पोर्टल के माध्यम से जो निर्धारित कार्यवाही की जानी है उसको अतिशीघ्र सुनिश्चित करें। आने वाले दिनों में इस पोर्टल की कार्यवाही से संबंधित एसओपी भी मुख्यालय से जारी की जाएगी जो जिलों/ कमिश्नरेट्स की साइबर सेल और समस्त थानों की साइबर सेल को इस पोर्टल पर सुगमता से कार्य करने में सहायक होगी। प्रशिक्षण पर चर्चा के दौरान पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रशिक्षण प्रतिदिन की प्राथमिकता है, यह एक एटीट्यूड है। वरिष्ठ अधिकारी जिलों व पीएसी इकाइयों में भ्रमण के दौरान वहां दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। फील्ड व पीएसी इकाइयों में नियुक्त कर्मियों को भी आपरेशनल एवं सिचुएशनल प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। प्रशिक्षण एक कमॉण्ड जॉब है, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को ही अपने निकट पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कराना होगा। पुलिस महानिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह स्वयं भी कानून, फारेंसिक एवं तकनीकी ज्ञान की समुचित जानकारी रखें।

# यूपी पुलिस की विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को आईएसओ प्रमाणपत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की कन्नौज स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। अपर पुलिस महा. निदेशक (तकनीकी सेवायें) नवीन अरोरा ने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा को कन्नौज प्रयोगशाला को प्राप्त आईएसओ प्रमाण पत्र की प्रति भेंट की।

पुलिस महानिदेशक ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को पहली आईएसओ प्रमाणित प्रयोगशाला बनने पर पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं कन्नौज प्रयोगशाला के कर्मचारियों को बधाई दी।

विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को फोरेंसिक जांच, विश्लेषण और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। जो यह दर्शाता है कि प्रयोगशाला वैज्ञानिक विश्लेषण के कार्यों में उच्च स्तरीय गुणवत्ता, पारदर्शिता, तटस्थता एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया का पालन कर रही है।

# काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस ने निकाली जयहिंद यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरदोई रोड स्थित काकोरी शहीद स्मारक लखनऊ में कांग्रेसियों ने जयहिन्द यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर संयुक्त रूप से कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां व तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए शहीद स्मारक पहुंचे, जहां सभी ने अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला, रोशन सिंह व राजेन्द्र लाहिघी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर श्री पांडे ने कहा कि देश पर अपना सब कुछ निछावर कर देने वाले अमर शहीदों के योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। पूरा अगस्त माह क्रांति का माह है 1942 में इसी माह में भारत छोघे आंदोलन के क्रांतिकारी नारों से पूरा देश गूंज उठा



था। श्री राय ने कहा कि हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को हम भावभीनि श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं युवा पीघी का आवहन करते हैं कि वह अपने जीवन में देश के प्रति वही भाव पैदा करे जो हमारे क्रांतिकारियों में था। इस मौके पर नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा ने कहा कि यह अमर शहीदों का संघर्ष ही था जिसने देश को न सिर्फ अंग्रेजों से आजाद कराया बल्कि पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया।

# लखनऊ जेल में बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी की गोसाईगंज स्थित जिला जेल में आज रक्षाबंधन पर भावुक ख्रश्य देखने को मिला, जब विभिन्न अपराधों में बंद कैदियों की बहनें राखी बांधने के लिए उनसे मिलने पहुंचीं।

जेल प्रशासन ने इस अवसर पर एक घंटे का विशेष समय निर्धारित किया था, जिसमें बहनों को अपने भाइयों के पास जाकर राखी बांधने और मिठाई खिलाने का अवसर मिला। वातावरण में अपनत्व और भाई-बहन के रिश्ते की गहराई साफ झलक रही थी। प्रशासन की ओर से इसके लिए उचित इंतज़ाम किए गए थे, मिठाई और बैठने की व्यवस्था की गई थी, जबकि अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधते हुए यह व्यक्त किया कि भले ही उनके भाई आज़ाद नहीं हैं, लेकिन इस विशेष दिन उन्हें यह अवसर देकर सरकार और जेल प्रशासन ने उनके मन को संतोष और खुशी दी है।

# अखिलेश यादव ने सैफई में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रक्षाबंधन के अवसर पर सैफई में पहुंची बड़ी संख्या में बहनों की राखियां स्वीकार कर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रिश्तों के बंधन सामूहिकता, परस्पर सद्भाव और सौहार्द को बढ़ाते हैं तथा आस्थाएं जीवन में सकारात्मकता और आंत. रिक ऊर्जा का संचार करती हैं। मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने भी सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने कई बार डीजीपी और सरकार से टक्क्ष टेन अपराधियों की सूची मांगी है, लेकिन जब तक यह सूची नहीं आती, तब तक असली माफिया वही सरकार है जो माफियाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को अब मौका मिला है कि अपना उद्योग और कारोबार अपने हाथ में लें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और कोई भी विदेशी ताकत धमकी नहीं दे सकेगी। भाजपा सरकार पर भरोसे की कमी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रतिबंध लगा रहा है, चीन से रिश्ते बिगड़ चुके हैं और उसने हमारी जमीन व व्यापार दोनों छीना है।

अगर पिछले दस वर्षों में किसानों, नौजवानों और कारोबा. रियों पर विश्वास किया जाता तो हालात अलग होते, जबकि 'मेक इन इंडिया' जैसे नारे पता नहीं किसके लिए हैं।

काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ और अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति में अखिलेश यादव ने अगस्त क्रान्ति दिवस पर देश की आजादी के लिए सर्वस्व बलिदान देने वाले अमर सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके प्रति ख्रतज्ञता व्यक्त की। राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर भी रक्षाबंधन का उल्लास देखने को मिला, जहां सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को राखी बांधकर सम्मानित किया।

## लोकदल ने रक्षाबंधन पर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने देश और प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और संरक्षण के पवित्र बंधन का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।

# रामलला की कलाई में बांधी गई बहन शांता की राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला एवं भाइयों को बहन शांता द्वारा भेजी गई राखी मंत्रोचारण के बीच बांधी गई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय ने रामलला,लक्ष्मण भरत शत्रुघन के हाथों में राखी बांधी।

इस मनोहारी दृश्य निहारने के लिए बड़ी संख्या में रामलला का दर्शन करने आए श्रद्धालु मौजूद रहे। रामलला को रक्षासूत्र कलाई में बांध कर भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघन के कलाई पर राखी बांधी गई। रक्षाबंधन के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा, और इसी के साथ श्रृंगी ऋषि आश्रम से प्रारंभ हुई तीन दिवसीय श्रीरामलला रक्षाबंधन महोत्सव का विधिविधानपूर्वक समापन हुआ। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का झूलन महोत्सव भी आज रामभक्तों के समय आकषर्ण का केंद्र रहा। नाग. पंचमी से शुरू हुआ राममंदिर में झूलनोत्सव का आज समापन हो गया। इसी के रंगमहल सहित सभी मंदिरों में पड़ा झूला आज पूजन अर्चन के बाद उतर जाएगा और विग्रह स्वरूप प्रभु की प्रतिमा पूजन अर्चन के बाद अपने स्थान पर विरा. जमान होंगे। श्रृंगी ऋषि आश्रम में बुधवार से श्रीरामलला रक्षाबंधन महोत्सव की परंपरागत तरीके से शुरुआत हुई। अनवरत तीन दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन श्रृंगी ऋषि आश्रम शेरवाघाट अयोध्या में आयोजित हुए। प्रदेश सरकार की महिला कल्याण विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य, उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में संत महंत धर्माचार्य सम्मिलित हुए। प्रभु श्रीराम के लिए केले के रेशे से बनी इन विशेष राखियों को पूजन अर्चन के बाद समारोहपूर्वक शोभायात्रा निकाल कर गाजे बाजे के साथ कारसेवकपु. रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय को सौंपा गया। जिन्होंने बढ़ी संख्या में उपस्थित रामभक्तों के साथ रामलला और भाइयों को राखी बांधी।

# जौनपुर कारागार में मना राखी का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** रक्षा बंधन का पर्व शनिवार को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जौनपुर जिला कारागार के बाहर अपने भाइयों से मिलने के लिए बहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दूर-दूर से आई बहनें हाथों में राखी और मिठाइयां लेकर जेल में दाखिल हुईं।

भाइयों से मिलकर उन्होंने आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और राखी बांधकर अपनी खुशी जाहिर की। भाइयों ने भी जीवनपर्यंत उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। मान्यता है कि रक्षा बंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है, और बहन चाहे कहीं भी हो, इस दिन अपने भाई को राखी बांधने ज़रूर पहुंचती है।

कुछ बहनों की आंखें भाइयों की कलाई पर राखी बांधते समय नम हो उठीं।

जेल अधीक्षक दीपांकर भारती ने बताया कि जेल मंत्री के निर्देश पर कारागार में बहनों के बैठने के लिए पंडाल और कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। यह कार्यक्रम तीन शिफ्टों में आयोजित हुआ। जिन बहनों के पास मिठाई नहीं थी, उनके लिए जेल प्रशासन की ओर से मिठाई उपलब्ध कराई गई।

## फतेहपुर में दो सगी बहनें यमुना में डूबीं

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के ललौती क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन यमुना नदी में कजरियों को प्रवाहित करने ओती घाट गई दो सगी बहनें गहरे नदी में डूब गई। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुक्तरो और निवासी भैयादीन निषाद की दो बेटियां अंजलि (25) और सोनी (18) गांव की महिलाओं के साथ कजरिया को प्रवाहित करने यमुना नदी के ओती घाट गई थीं। कजरिया प्रवाहित करते समय अंजलि और सोनी गहरी धारा में डूबने लगी। एक दूसरे को बचाने में दोनों बहने धारा में समा गई। एसडीआरएफ और गोताखोरों के अथक प्रयास के बावजूद दोनों का पता नहीं चला।

# कौशांबी में गंगा तट पर संपन्न हुआ श्रावणी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** कौशांबी जिले में संदीपन गंगा स्नान घाट पर ब्राह्मणों का प्रमुख त्योहार श्रावणी पर्व वैदिक विधि विधान के साथ मनाया गया। ब्राह्मणों ने गंगा स्नान के पश्चात गंगा में खड़े होकर श्रावणी पर्व पर पूजन शुरू किया, तदोपरांत गंगा तट पर वेदोक्त कार्य संपादित किया गया।

मां गायत्री,जय मां सरस्वती, जय सप्तऋषि की जयकारे से गंगा तट गुंजायमान हो उठा। श्रावणी पर्व के विषयमें बताया गया कि हिंदुओ के चार प्रमुख त्योहार में श्रावणी पर्व को मुख्य रूप से ब्राह्मणों का माना गया है। इस दिन ब्राह्मण समुदाय पवित्र नदी के तट पर एकत्र होकर विगत में अपने द्वारा जाने अंजाने में किए गए पापों का प्रायश्चित एवम मां गायत्री, मां अरुंधती सहित अन्य देवताओ से क्षमा प्रार्थना करते है। तत्पश्चात गो दुग्ध, गो दही, शहद मृतिका, भस्म स्नान कर शुद्धिकरण करते है। तर्पण कर सप्तऋषि की पूजा कर वर्ष भर पहनने के लिए यज्ञोपवीत की पूजा करते है। मां सरस्वती, मां गायत्री और मां अरुंधती की पूजा कर आगामी वर्ष के लिए दिव्य शक्ति अर्जित करते है। श्रावणी उपाकर्म उत्सव में वैदिक विधि से हेमादिप्राक्त, प्रायश्चित संकल्प, सूर्याराधन, दसविधि स्नान, तर्पण, सूर्योपस्थान, यज्ञोपवीत धारण, प्राणायाम, अग्निहोत्र व ऋषि पूजन किया जाता है। शास्त्रों में श्रावणी को द्विज जाति का अधिकार व कर्तव्य बताया और कहा गया कि वेदपाठी ब्राह्मणों को तो इस कर्म को किसी भी स्थिति में नहीं त्यागना चाहिए।

प्रायश्चित्त संकल्प में हेमाद्रि स्नान संकल्प, गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित्त कर जीवन को सकारात्मकता दिशा देते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन करने के विधान है। तत्पश्चात नवीन यज्ञोपवीत या जनेऊ धारण करना अर्थात आत्म संयम का संस्कार होना माना जाता है। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि जो व्यक्ति आत्म संयमी है, वही संस्कार से दूसरा जन्म पाता है और द्विज कहलाता है। आचार्य मुरलीधर मिश्रा ने बताया कि उपाकर्म का तीसरा पक्ष स्वाध्याय का है, इसकी शुरुआत सावित्री, ब्रह्मा, श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, स्मृति, सदसस्पति, अनुमति, छंद और ऋषि को घृत की आहुति से होती है। जौ के आटे में दही मिलाकर ;ग्वेद के मंत्रों से आहुतियां दी जाती हैं। इस यज्ञ के बाद वेद-वेदांग का अध्ययन आरंभ होता है। इस प्रकार वैदिक परंपरा में वैदिक शिक्षा साढ़े पांच या साढ़े छह मास तक चलती है।वर्तमान समय में वैदिक शिक्षा या गुरुकुल नहीं रहे हैं तो प्रतीक रूप में यह स्वाध्याय किया जाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला को बचाने आए जेठों पर किया हमला

## किसान व दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खेत से घर लौट रही महिला के साथ दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव को आये जेठों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि किसान व उसके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव हफीजपुर में बीती 7 अगस्त की शाम छह बजे की है। गांव निवासी पोकेंद्र की पत्नी रेखा खेत से अपने घर लौट रही थी। आरोप है कि गांव में पीपल के पेड़ के पास से गुजरते में गांव के रहने वाले राजीव ने अपने बेटे कृष व अंशु के साथ घेरकर मारपीट शुरू कर दी। रेखा के जेठ राजेंद्र व धर्मेंद्र ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला करते हुए दोनों को घायल कर दिया। शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई, खुद को घिरता हुआ पाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दरगाह पर चादरपोशी को उमड़े जायरीन

## हजरत बाबा फरीदी के उर्स का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत बाबा फरीदी रहमतुल्ला अलैह के 551वें उर्स के दूसरे दिन शनिवार को चादर शरीफ का जुलूस निकला। जायरीनों ने मजारे मुबारक पर चादरपोशी कर अकीदत का इजहार किया। वहीं, कुल शरीफ में शिरकत करने के लिए दूर-दराज शहरों से भी अकीद. तमंद आने शुरू हो गए हैं।

नेशनल हाइवे स्थित हजरत बाबा फरीदी की दरगाह पर चल रहे चार दिवसीय उर्स के दूसरे दिन शनिवार को सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी की हवेली से चादर शरीफ का जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गुजरकर दरगाह शरीफ पहुंचा, यहां चादरपोशी की गई। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद



फरीदी ने मुल्क में अमन और कौम की सलामती के लिए खुसूसी दुआ कराई। बाद नमाजे मगरिब खत्म शरीफ हुआ। इसके बाद दरगाह परिसर में सीरत-ए-पाक के उन्वान से जलसे का आयोजन किया गया। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी ने बताया कि ख्वाजा बाबा फरीदी की दरगाह पर सच्चे दिल से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। आपका पैगाम इंसानियत के लिए था। यही वजह है कि आज बरसों बाद भी इस दर से हिंदू-मुस्लिम की अकीदत जुड़ी हुई है। आज दिल्ली, महाराष्ट्र, शोलापुर, हैदराबाद, बरेली, रामपुर आदि शहरों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने उर्स में शिरकत की। सज्जादानशीन ने दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। इस दौरान ख्वाजा इसरार अख्तर फ रीदी, ख्वाजा मुनीर फरीदी, ख्वाजा अनवर फरीदी, ख्वाजा हसन फरीदी, एहसान फरीदी आदि उपस्थित रहे।

# नथनी के विवाद में महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर नाक की नथनी को लेकर हुए विवाद में महिला को ससुराल में पीट कर चोटिल कर दिया। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने सोशल मीडिया पर नाक की नथनी को देखकर पति से उसे लाने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया ससुराल के लोगों ने जब इसका कारण पूछा तो वह भी महिला के ऊपर गर्मी दिखाने लगे। विवाद इतना बढ़ गया की ससुराल के लोगों ने महिला की लात घूंसों से पिटाई कर उसे चोटिल कर दिया। सूचना मिलने पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गये। मायके वाले ससुराल पक्ष के बीच समझौते की बात चल रही है।

# शिव महापुराण कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्राचीन नवदुर्गा मंदिर स्थित राधा कृष्ण सत्संग भवन में चल रही पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक सौरभ कौशिक महाराज ने भव्य भाव से भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को अलौकिक आध्यात्मिक यात्रा पर ले गए।

कथा वाचक सौरभ कौशिक महाराज ने बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए दिव्य ज्योतिर्लिंग का रूप धारण करते हैं। कथा में सोमनाथ, महाकाल, रामेश्वर सहित 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। उन्होंने विशेष रूप से भगवान राम द्वारा लंका विजय से पूर्व रामेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना तथा भगवान कार्तिक के रुष्ठ होने पर क्रौच पर्वत पर प्रकट हुए मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा



के समापन पर मुख्य यजमान दीपक शर्मा द्वारा व्यास पीठ का सम्मान और विदाई की गई, इस दौरान यजमान परिवार भाव-विभोर हो उठा। कार्यक्रम में माहेश्वरी, राखी, सीमा, बीना, अमरद. ेव, शिव कुमार त्रिवेदी, हरिओम त्रिवेदी, रघुनन्दन, आशु, सनी, सुमन, सर्वेश, पूजा, संगीता, सुमन वर्मा, कृपाल, बिन्दु, तुषार, नोरव, अर्पित, विशाल समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्ति, ज्ञान और भावनाओं से ओत-प्रोत इस कथा का समापन श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# छड़ी मेले में उमड़ी लोगों की भीड़, खरीदारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील के गाँव नवा. बपुरा खादर में बाबा जाहरवीर के वार्षिक छड़ी मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा के स्थान पर माथा टेककर घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की.

शनिवार को गांव सोहरका के मजरा नवाबपुरा के मेले में लगे मीना बाजार ने महिलाओं को खघूब आकर्षित किया। जहाँ उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएँ खरीदी।वहीं बच्चों ने मेले में लगे झूलों का खूब लुत्फ उठाया। श्रद्धालुओं ने चाट-पकौड़ी और अन्य पकवानों का भी भरपूर आनंद लिया। इस मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मेले में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मेले के सफल आयोजन में जाहरवीर बाबा कमेटी का विशेष योगदान रहा। कमेटी के अध्यक्ष अजय राणा और सदस्य भीमसेन राणा, बबलू राणा, राजवीर राणा, लालमन राणा, कृष्ण राणा, दुष्यंत राणा और प्रमोद राणा ने सभी व्यवस्थाओं की देखरेख की।

# डग्गामार वाहन दे रहे हादसों का दावत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** डग्गामार वाहन किसी भी दिन बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने हैं।

हसनपुर संभल मार्ग पर प्रतिदिन 50 डग्गामार बसें व बीस ईको कार दौड़ रही हैं। जिसमें लोगों को भूसे की तरह भरा जाता है। चालक अपने लालच के कारण इनकी जान की परवाह नहीं करते। किसी भी दिन इन वाहनों से बड़ा हादसा हो सकता है। इन वाहनों को दलालों द्वारा मोटी रकम वसूलकर चलवाया जाता है। जबकि ईको कार से 1500 रूपये प्रति माह की वसूली की जाती है। सब कुछ जानकर भी परिवहन विभाग के अधिकारी व पुलिस अंजान बनी है।

# सारा दिन रुक-रुक कर होती रही वर्षा

## जलभराव से लोगों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सारा दिन शहर में रूक-रूक कर वर्षा होती रही। कई इलाकों में पानी भर गया। जिस कारण लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जबकि सड़कों पर कीचड़ व गंदगी भी जमा हो गई।

शनिवार सुबह से ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया था, जो सारा दिन जारी रहा। कुछ समय रूकने के बाद फिर से वर्षा शुरू हो जाती। कई बार तेज बारिश होने के कारण नगर के कई मौहल्लों में पानी जमा हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। सड़क पर पानी भर जाने के कारण उन्हें आने जाने में काफी दिक्कत हुई। शहर के निचले इलाकों का वर्षा के मौसम में बुरा हाल हो जाता है। बरसात का पानी रास्तों पर जमा हो जाने के कारण हर कोई परेशान नजर आता है। इसके अलावा आटो व ई-रिक्शा चालकों ने भी किराया 10 की जगह बीस रूपये वसूला। जिस पर कई लोगों की उनसे तीख बहस भी हुई। उधर वर्षा के मौसम में सबसे बुरा हाल आजाद रोड पर हिन्दू पीजी कालेज के सामने वाली सड़क का हो जाता है। यहां सड़क पर पानी जमा हो जाने के कारण लोगों का निकलना दूभर हो जाता है। यदि गलती से कोई वाहन स्वामी इधर से गुजर जाये तो उसका वाहन पानी के बीच पहुंचकर बंद हो जाता है। उसे भारी दिक्कत उठानी पड़ी है। आसमान से लगातार गिर रहे पानी के कारण मौसम तो कुछ हद तक बदल गया है। दो दिन से पड़ रही गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल था। इस वर्षा ने उन्हें काफी हद तक राहत पहुंचाई। लेकिन सड़कों पर गंदगी व कीचड़ जमा हो जाने के कारण हर कोई बुरी तरह परेशान दिखाई देता है। नगर के कई मौहल्ले ऐसे है जहां रहने वाले लोगों का जीवन वर्षा के मौसम में नारकीय बन जाता है। बारिश रूकने के काफी देर बाद भी सड़कों से पानी नहीं निकलता।

# जलस्तर घटा, दुश्वारियां बरकरार

## ब्रजघाट में पानी अधिक होने के कारण कासन से गुजारी जा रहीं ट्रेनें




गजरौला। गढ़मुक्तेश्वर( ब्रजघाट ) पुल का फोटो — फोटो स्रोत: इंटरनेट मीडिया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के जलस्तर में शनिवार को भले ही दस सेन्टीमीटर की गिरावट दर्ज की गई मगर खादर क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त गांवो की दुश्वारियां बरकरार हैं। गंगा के जलस्तर में कम से कम दो मीटर कमी नहीं आएगी तब तक राहत मिलने के आसार कम हैं क्योंकि गांवो में पानी भरा पड़ा है, जिसे सूखने में भी समय लगेगा तो वहीं खेतों में भी पानी भरा पड़ा है।

इन दिनों गंगा नदी उफान पर चल रही है। उत्तराखंड से लेकर प्रयागराज तक गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिल रही है, इस कारण गंगा के किनारे स्थित गांवो, कस्बों में बाढ़ जैसी दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं। गजरौला क्षेत्र के तिगरी गांव सहित खादर के मंदिर वाली भुड्डी, शीशोवाली, दारानगर, सुल्तानपुर, ओसिता जगद. ेपुर, कांकाठेर, तिगरी, टीकोवाली आदि गांव पानी से घिरे हुए हैं, वहीं धनौरा क्षेत्र और हसनपुर क्षेत्र के गंगा किनारे के गांवो में बाढ़ जैसे हालात बने हैं। पिछले तीन दिनों से बिजनौर बैराज से दो लाख क्युसेक से अधिक पानी डिस्चार्ज किया

> **परेशानी**
>
> ● बाढ़ ग्रस्त गांवों में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त

गया, शनिवार को थोड़ी सी राहत की बात रही कि बिजनौर बैराज से डिस्चार्ज किए गए पानी की मात्रा 151458 क्युसेक रही। गंगा धााम तिगरी में भले ही दस सेमी पानी कम हुआ हो मगर ब्रजघाट में 15 सेमी पानी बढ़ गया। शनिवार को यहां पर जलस्तर 198.95 मीटर गेज रहा, जबकि यहां पर खतरे का निशान 199.34 मीटर गेज है। बाढ़ खंड द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार यहां पर गंगा खतरे के निशान से मात्र पांच सेमी नीचे बह रही है। गजरौला रेलवे स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर पुल (ब्रजघाट) में पानी अधिक होने के कारण ब्रजघाट रेलवे पुल से ट्रेनों को तीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गुजारने के आदेश मुख्यालय से प्राप्त हुए हैं। इसलिए शनिवार से ट्रेनों को कासन पर गुजारा जा रहा है।

# महिलाओं को स्तनपान के लिए किया जागरुक



## नवजात के लिए मां का दूध अमृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बच्चों की मां का दूध अति आवश्यक है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए सरकारी अस्पताल में एक कार्यक्रम इनर व्हील क्लब द्वारा शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें क्लब सदस्यों के अलावा अस्पताल के डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ के साथ ही जच्चा बच्चा एवं गर्भवती स्त्रियां उपस्थित रहे।जिसमें सभी गर्भधारण करने वाली महिलाओं को शिशुओं के स्तनपान के लिए प्रेरित किया गया। क्लब की ओर से सभी उपस्थित गर्भवती महिलाओं को दलिया, बिस्किट, दाल, ब्रेड दूध आदि देकर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए बताया गया। ऐसी स्थिति में क्या उन्हें आहार में लेना चाहिये। उसके विषय में बताया गया। अंत में सभी क्लब सदस्यों ने अस्पताल स्टाफ का सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष आरती गुप्ता, सचिव सोनिया रस्तोगी, एडिटर कविता अग्रवाल, आइसो शालिनी अग्रवाल,प्रियंका गर्ग,सुनीता अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, डॉ धुर्वेंद्र सिंह, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बालिका लापता, रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बालिका अचानक लापता हो गयी। हर घर तलाश करने के बाद भी सुराग नहीं लगा। पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। जानकारी के अनुसार डिडौली निवासी सिपिन पुत्र नन्हें सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी विदुशी सात अगस्त को अचानक घर से लापता हो गयी। रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने कोतवाली पहुंच गुमशुदगी दर्ज करायी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर बालिका के गायब होने से पूरा परिवार सदमे में है। परिजन अपने स्तर से उसकी तलाश कर रहे हैं। उन्हें हर समय किसी अनहोनी का डर सता रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम, PoonamRani था जिसे मैंने अब बदल कर Parisha Agarwal Urf PoonamRani W/o AnupamAgarwal R/o Moh- kayasthan Hasanpur Distt-Amroha रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

# रंग-बिरंगी राखियों से सजी भाईयों की कलाई

## मिठास में डूबा भाई-बहन का अटूट रिश्ता, रक्षा का वचन देकर लौटाया प्रेम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रंग-बिरंगी राखियों, रोली-चंदन और मिठाई की खुशबू में लिपटा रक्षाबंधन का त्योहार मंडी धनौरा में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गलियों में बहनों की चहल-पहल और भाइयों की मुस्कान ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बहनों ने थाल में रोली, चावल, दीपक और मिठाइयां सजाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, आरती उतारी और मुंह मीठा कराया। बदले में भाइयों ने बहनों की हर परिस्थिति में रक्षा करने का संकल्प लिया और मनपसंद उपहार देकर प्रेम को और गाढ़ा कर दिया।

शहर में जगह-जगह रक्षाबंधन के



भावनात्मक नजारे देखने को मिलेख्रकहीं बहनें भाई के घर पहुंचीं तो कहीं भाई बहनों के घर राखी बंधवाने आए। मंडी धनौरा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की बहनों ने उनके आवास पर राखी बांधी। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, और निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी के मुख्य सहायक प्रिंस राज उप्पल की बहन अंशु सिद्धू व प्रतिभा सिद्धू ने गजरौला स्थित उनके आवास पर राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते को और प्रगाढ़ किया।

### राखी व मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रक्षाबंधन का जोश सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि बाजारों में भी चरम पर रहा। सुबह पांच बजे से ही राखी, गिफ्ट और मिठाई की दुक. ानों के शटर ऊपर उठ गए और देखते ही देखते बाजार गुलजार हो गया। दोपहर होते-होते हालात यह थे कि राखी की दुकानों पर कदम रखने की जगह नहीं थी और मिठाई वालों के पास तो लड्डू और बर्फी जैसे 'हॉट सेलिंग आइटम' की कमी पड़ने लगी। गिफ्ट कार्नर पर भाइयों की लंबी कतारें साफ बता रही थीं कि इस बार बहनों की मुस्कान महंगी लेकिन अमूल्य रही

# सड़क से कीचड़ हटाने को किया प्रदर्शन



## गांव सिरसा के ग्रामीणों ने सुनाया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक के सिरसा गाँव में लंबे समय से खराब सड़क की वजह से ग्रामीणों में गुस्सा है। गाँव की मुख्य सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनवाने के लिए उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से शिकायत की है। लेकिन उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर प्रधान और सचिव ने सड़क बनाने से साफ इनकार कर दिया और धमकी भी दी है। इस लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में गाँव के कई लोग शामिल थे। जिनमें प्रशांत, पंकज, सोनू, गीता, मुन्नी देवी, लक्ष्मी और बबीता के नाम प्रमुख हैं। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष सतपाल और युवा जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध भी ग्रामीणों का समर्थन करने के लिए मौके पर पहुँच गये। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो उनका विरोध प्रदर्शन और भी तेज होगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे

# गंगा नगर के घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगा में आयी भीषण बाढ़ का पानी अब तट बांध के भीतर टापू में बसे गंगानगर के घरों में घुस गया है। ग्रामीण अभी घरों से बाहर निकालने के लिए तैयार नहीं है।

तहसील क्षेत्र का गांव गंगानगर बांध के भीतर टापू के भीतर बसा हुआ है। इस समय गंगा में भीषण बाढ़ आई हुई है। गंगा तट बांध से पानी मिलकर चल रहा है। पुल पर खड़े होकर पानी की तेज धार को देखकर ही शरीर में सीहरन दौड़ रही है। लेकिन टापू के भीतर बसे गांव गंगानगर के ग्रामीणों को भीषण बाढ़ का जरा सा भी डर नहीं है। तट बांध के भीतर पानी अधिक होने के कारण ग्रामीण पशुओं के चारे के लिए परेशान हो गये है। क्योंकि तट बांध के भीतर के खेतों में डूबाऊ पानी खड़ा है। गांव गंगानगर में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि जिस तरह से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगानगर गांव में खतरा और बढ़ सकता है। 10 साल पहले गंगानगर में भयंकर बाढ़ आई थी। तब प्रशासन ने जबरदस्ती ग्रामीणों को घरों से बाहर निकलवाया था।



# सपा को एबीसीडी आती होती, तो सत्ता से बाहर न होती: राजभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर न कहा कि अगर समाजवादी पार्टी को वाकई एबीसीडी आती होती, तो आज उनकी पार्टी सत्ता से बाहर न होती। राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जिस 'एबीसीडी' को अपनाया, उसी ने प्रदेश की हालत बिगाड़ दी।

उन्होंने पूरे अंग्रेजी वर्णमाला को लेकर सपा शासन पर तीखे आरोप लगाए। उनके मुताबिक 'ए' से अराजकता, 'बी' से भ्रष्टाचार, 'सी' से चोर और 'डी' से दलाली है।

यही सपा शासन की असल पहचान थी। उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने शासन में स्थायित्व नहीं दिया, भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया, अपराधियों को संरक्षण दिया और हर निर्णय में सिफारिश व दलाली को प्राथमिकता दी। उन्होंने 'वाई' से 'यादववाद' और 'जेड' से 'जीरो बदलाव' तक पूरा वर्णन करते हुए सपा की नीतियों को जातिवादी, भाई-भतीजावादी और अव्यवस्थित करार दिया। राजभर ने खासतौर से सपा शासन में शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब अखिलेश यादव सत्ता में थे, तब सरकारी स्कूल बच्चों की पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि नकल माफिया और भर्ती घोटालों के लिए कुख्यात थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के पांच साल के शासन में एक भी ऐसा स्कूल नहीं बना, जिसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए आदर्श कहा जा सके। टूटी हुई दीवारें, गिरती हुई छतें, गंदे



टॉयलेट और घटती बच्चों की संख्या, यही उस समय की शिक्षा व्यवस्था का असली चेहरा था। उन्होंने कहा कि इसके उलट भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाए गए हैं।

राजभर के अनुसार, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 11,500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और 96 प्रतिशत से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 'स्कूल चलो अभियान' के तहत इस साल 27 लाख से अधिक बच्चों का नया नामांकन हुआ है, जो शिक्षा के प्रति जनता के भरोसे को दर्शाता है। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय योजना के अंतर्गत हर जिले में दो अत्याधुनिक विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें 30 करोड़ रुपये प्रति विद्यालय की लागत से केजी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार कराई जाएगी। राजभर ने आगे बताया कि अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत सभी 18 मंडलों में स्कूल चालू हो चुके हैं, जहां 18,000 से अधिक श्रमिक और अनाथ बच्चों को मुफ्त आवासीय शिक्षा, खेल, स्किल ट्रेनिंग और आधुनिक प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश में 1,722 पीएम-श्री स्कूलों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, आईसीटी लैब और प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग की सुविधाएं शुरू की गई हैं। बालि. का शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है और कस्तूरबा गांधी बालि. का विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड किया गया है। राजभर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में शिक्षा व्यवस्था जातिवाद, तुष्टीकरण और नकल माफिया के चंगुल में फंसी हुई थी। वहीं भाजपा सरकार में ईमानदारी, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा राज में शिक्षा के मंदिर ढहे, भाजपा राज में ज्ञान के दीप जले। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने स्कूल बंद कराए, हमने बच्चों के लिए नए स्कूल बनाए। उन्होंने 3.45 करोड़ बच्चों को स्कूल से दूर किया, हमने उन्हें किताब और क्लास से जोड़ा।

# कुशीनगर की बड़ी गंडक नदी में उफान, मुसहर टोली पर संकट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में बड़ी गंडक नदी में घट-बढ़ रहे जल स्तर के बीच जवहीं दयाल के मुसहर टोली एक बार फिर बाढ़ की चपेट में है। एपी बांध के पुराने बंधे पर बसे 30 मुसहर परिवार कटान से भयभीत हैं। इसी तरह इसी गांव के ततवा टोला के समीप भी कृषि भूमि में बोए गए फसलों की कटान करती नदी बांध के समीप पहुंच रही है। जिससे बांध के किनारे बसे लोगों की लचता बढ़ती जा रही है। जवहीं दयाल के मुसहर परिवार पुराने बंधे पर 20 वर्ष से डेरा डाले हुए हैं। अब स्थिति यह है कि पुराने बांध का नोज और अप साइड में गंडक ने दोबारा कटान शुरू कर दिया है। हालांकि डिस्चार्ज 90 से एक लाख क्यूसेक होने के कारण अभी कटान तेज नहीं है फिर भी यह आशंका जताई जा रही है कि जलस्तर में अगर बीते वर्ष की तरह दो लाख क्यूसेक से अधिक वृद्धि हुई तो एक बार फिर मुसहर परिवारों पर संकट खड़ा हो जाएग।

जिला प्रवक्ता ने बताया कि किसी तरह लतवा टोले के समीप और बांध के बीच में खेतों में बोई गई फसलों को गंडक अपने आगोश में लेती जा रही है। कटान रोकने के लिए विभाग ने लतवा टोले और मुसहर टोली के बीच परक्यूपाइन तो लगाया है। बावजूद कटान नहीं रुक रही है।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार मां- बेटे की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के चोपन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला व एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक महिला परिवार के साथ भाई के घर राखी बांधने के लिए निकली थी कि चोपन बाजार के अग्रवाल मार्केट के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

इस हादसे में बाइक सवार महिला व एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर पति-पत्नी समेत पांच लोग सवार थे। एंबुलेंस के देर से पहुंचने के कारण थाना प्रभारी विजय चौरसिया ने पुलिस वाहन से ही घायलों को चोपन सीएससी सेंटर में भर्ती कराया, जहां मौजूद डॉक्टर अभय सिंह ने एक महिला और उसके छोटे बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान कविता और भोदुआ के तौर पर की गई है।

घायलों में राजन, काजल और एक अन्य बालक शामिल हैं। डॉक्टर ने राजन को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है जबकि अन्य घायलों का चोपन सीएचसी में ही इलाज जारी है

# बारिश ने बढ़ाई ट्रैफिक जाम की समस्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दवाब पर मानसून की बारिश ने उत्प्रेरक का काम किया है। इसका नजारा आज लखनऊ सीतापुर रोड, मेरठ,कानपुर और प्रयागराज समेत कई इलाकों में दिखाई पड़ा।

शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए हालांकि अब यह नई समस्या नहीं रही है। बारिश रुकने के तुरंत बाद टापू बनी सड़कों पर जल्दी निकलने की होड़ ने इस परेशानी को और विकराल बना दिया है। यातायात पुलिस के जवान लगभग हर चौराहे पर ट्रैफिक को नियंत्रित करते दिखाई देते हैं मगर एक साथ सैकड़ों वाहनों के आड़े तिरछे निकलने की होड़ में उनके भी हौसले पस्त होते दिखाई दे रहे हैं।



बारिश के कारण कई सड़के अपनी ऊपरी परत खोकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। उन गड्ढों को बचाने में भी वाहन विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैफिक को बाधित कर रहे हैं। नतीजन कई किमी की लंबी लाइने लग रही है। बारिश में खराब हुए बड़े वाहन भी ट्रैफिक जाम की समस्या को हवा दे रहे हैं। कानपुर के दक्षिणी क्षेत्र में मेट्रो रेल का काम बारिश की वजह से प्रभावित हुआ है मगर मेट्रो रेल के निर्माण कार्य के दौरान खोदे गये ग्ध्ढों से रिस रही चिकनी मिट्टी वाहन चालकों को दुर्घटना का न्योता दे रही है। मौसम विभाग ने 12 अगस्त से राज्य के कई इलाकों में फिर से भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है जो यातायात पुलिस के लिए एक कठिन चुनौती साबित हो सकता है। इस बीच लखनऊ पुलिस ने रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर नौ अगस्त को ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। जिसके अनुसार अमीनाबाद बाजार, चौक बाजार,हजरतगंज बाजार और गांधी आश्रम रोड पर गैर जरुरी वाहन से सफर न करने की सलाह दी गई है। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के तौर पर वाहन चालकों को कहा गया है कि वे चारबाग जाने के लिए अलीगंज, सर्वोदय नगर, समतामूलक, 1090 चौराहा, लालबत्ती, करियप्पा होते हुए कैंट रोड का उपयोग करें।

## एक नजर

### सावन माह की पूर्णिमा पर प्रायश्चित के लिए श्रावणी उपाकर्म

**वाराणसी।** सावन माह की पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर कृत-अकृत कर्मों के प्रायश्चित के लिए श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया गया। इस दौरान दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, गंगा पूजन, पितृ तर्पण और संकल्प के साथ भगवान भास्कर को जल अर्पित किया गया। पापों की निवृत्ति के लिए श्रावणी उपाकर्म का विशेष महत्व बताया गया है। डॉ. पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि अहिल्याबाई घाट पर सैकड़ों ब्राह्मण उपस्थित थे। यह संस्कार जनेऊ बदलने और नया जनेऊ धारण करने का कर्म है। गंगा तट पर स्नान व तर्पण के पश्चात सभी द्विज ब्राह्मण दशाश्वमेध स्थित शास्त्रार्थ महाविद्यालय के सरस्वती सभागार में एकत्रित हुए। वहां गणपति व ऋषि पूजन के साथ पुराने जनेऊ को त्यागकर नया जनेऊ धारण किया गया। कठिन संकल्प के बाद शुद्धि के लिए गाय के गोबर, मिट्टी, भस्म, दूर्वा, अपामार्ग और कुशा से मार्जन किया गया। साथ ही पंचगव्य, जिसमें गोमय (गाय का गोबर), गोदधि (गाय के दूध से बनी दही), गोघृत (गाय का शुद्ध घी), गोदुग्ध (गाय का दूध) और गोमूत्र (गाय का मूत्र) शामिल हैं, से स्नान व प्राशन किया गया। डॉ- शुक्ल ने बताया कि विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्रावणी उपाकर्म किया जाता है।

### इसरो के वैज्ञानिकों ने लिया बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद

**वाराणसी।** सावन मास की पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के साथ रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया। इसरो के वैज्ञानिकों का यह दल भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के चंद्रयान अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। शास्त्रों में चंद्र को धारण करने वाले भगवान शिव को सोमनाथ और चंद्रमौलेश्वर जैसे नामों से जाना जाता है। सनातन परंपरा में चंद्र दर्शन को भगवान शिव के साक्षात दर्शन के समान माना जाता है। ऐसे में, आधुनिक विज्ञान के मेधावी वैज्ञानिकों द्वारा सनातन प्रतीकों के प्रति यह श्रद्धा भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा को दर्शाती है। अनुष्ठान के पश्चात इसरो वैज्ञानिक दल ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र को चंद्रयान की प्रतिकृति भेंट की। श्री मिश्र ने बताया कि यह अमूल्य भेंट श्री काशी विश्वनाथ धाम में प्रस्तावित संग्रहालय में प्रदर्शन और संरक्षण के लिए रखी जाएगी। इसरो के वैज्ञानिक दल में दिनेश कुमार सिंह (डायरेक्टर, ह्यूमन स्पेस सेंटर), पंकज किल्लेदार (डायरेक्टर, मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी), आर- नादागौड़ा (सहायक निदेशक, यू-आर- राव सैटेलाइट सेंटर), के- शाम्बाय्य (डिप्टी डायरेक्टर, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर), गुरु मूर्ति डी-, अरविंद कुमार एम-, संजीव कुमार राधाकृष्ण, विनीत जे-ए-डी-, आलोक कुमार झा, शशांक एस-, अश्विन जी-एस-, निक्की श्रीवास्तव, अजय अंधीवाल, महेंद्र बेहेरा और मंजुला आर- शामिल थे।

### बहराइच में मिला होमगार्ड जवान का शव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह एक होमगार्ड जवान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील वर्मा (50) के रूप में हुई है, जो इसी गांव के निवासी थे और मोतीपुर थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार, सुनील वर्मा शुक्रवार को सुजौली थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर गए थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले, तो उन्होंने गांव के बाहर एक ग्ध्े में उनका शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की जानकारी परिजनों और मोतीपुर पुलिस को दी। मृतक के साथी होमगार्ड ओंकार नाथ वर्मा ने बताया कि सुनील कुमार वर्मा की ड्यूटी सुजौली थाने में लगी थी। वह शुक्रवार शाम लगभग 6:21 बजे थाने से घर के लिए निकले थे। वह बस से आते-जाते थे और सत्या भठ्ठा के पास बस स्टॉप पर उतरते थे, जहां से उनके घर की दूरी लगभग 200 मीटर है। शव को देखने से पता चलता है कि उनके सिर में चोट लगी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के महरौनी क्षेत्र में शनिवार को खेत पर स्थित बोर की पानी की मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंदवाहा निवासी किसान कमल प्रसाद नायक (48) अपने खेत पर बोर में लगी पानी की मोटर चला रहे थे कि करंट की चपेट में आकर गिर गये। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

# विस चुनाव से पहले 16 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ेगी भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश ईकाई ने राज्य में अगले साल होने वाले पंचायत चुनावों और उसके बाद 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों को अमली जामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है।

बीजेपी के सूत्रों की माने तो संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने इन अहम चुनावों से पहले राज्य में 16 लाख से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। भाजयुमो के एक पदाधिकारी ने बताया कि, पार्टी ने यह काम पार्टी की भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत 18 से 30 वर्ष की आयु के युवा मतदाताओं तक पहुंचेगी। मोर्चा कार्यकर्ताओं को युवाओं को पार्टी की नीतियों और एजेंडे के बारे में समझाने और उन्हें संभावित कार्यकर्ताओं में बदलने के लिए कहा गया है।

सूत्रों की मानें तो इस योजना को 'एक बूथ-दस युवा' के फॉर्मूले के तहत क्रियान्वित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 1.65 लाख मतदान केंद्र होने के कारण नए कार्यकर्ताओं की संख्या में संभावित रूप से कम से कम 16 लाख की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा, ष्योजना का औपचारिक खाका अगले कुछ दिनों में तैयार किया जाएगा।ष हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में हुई एक संगठनात्मक बैठक में, पार्टी नेतृत्व ने हर बूथ पर कम से कम 100 युवाओं और हर विधानसभा सीट पर लगभग 15,000 युवाओं को शामिल करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। पार्टी के रणनीतिकारों के अनुसार, पार्टी की यह रणनीति बूथ-स्तरीय सूक्ष्म प्रबंधन का ही एक हिस्सा है। 18-30 आयु वर्ग पर ध्यान कें. द्रित करने का मतलब है पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं और उन लोगों तक पहुं बनाना जिनकी अभी तक कोई मजबूत राजनी. तिक निष्ठा नहीं है। भाजयुमो के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि फ्रंट विंग को कॉलेज के छात्रों और भाजपा समर्थक युवा पेशेवरों को शामिल करने के लिए कहा गया था। अभियान का उद्देश्य मूलतघ दोहरा होगा: मतदाता सूचियों को अद्यतन करना, मुख्यत पहली बार मतदान करने वालों के नाम जोड़कर और मतदाताओं को महत्वाकांक्षी 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए प्रेरित करना, जिससे देश के सभी चुनाव एक ही दिन या एक निश्चित समय-सीमा में एक साथ हो सकें।

हालांकि राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि यूपी में अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव और उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस अभियान को एक मजबूत तैयारी के तौर पर देखा जा सकता है। बीजेपी हमेशा संगठन के कार्यकर्ताओं को मोबलाइज करने का काम करती है और उसके तहत ही वह अपने फ्टंल संगठनों को जिम्मेदारी पकघ्ती है। बीजेपी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने पार्टी के अभियानों को लेकर कहा कि, पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी अपनी तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## मैनपुरी की दिव्यांशी जीत की जंग हार गई

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कोतवाली क्षेत्र में गोली लगने से घायल युवती की सैफई में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को उसका अंतिम संस्कार पुलिस की निगरानी में हुआ। गौरतलब है कि 26 जुलाई को दिव्यांशी पूजा करने गई थी, तभी एक तरफा प्रेम में सिरफिरे आशिक राहुल ने मंदिर में उसके शरीर में तीन गोलियां दाग दी थीं। पुलिस ने मुठभेड़ में राहुल को गिरफ्तार किया था। पुलिस उपाधीक्षक सन्तोष सिंह ने बताया कि आरोपी जेल में है,दिव्यांशी की मौत के बाद उसके विरुद्ध धाराएं बघई जाएंगी। मृतका के परिजनों को आरोपी राहुल के परिजनों द्वारा दी जा रही।

# उधार में दिए पैसे वापस मांगने पर दोस्त को मारी गोली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के काकोरी इलाके में शनिवार सुबह उधार में दिए पैसे वापस मांगने पर एक युवक ने अपने साथी को गोली मार दी।

गोली लगने के बाद युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि मो. इनुद्दीनपुर थाना काकोरी निवासी अनिल कुमार गौतम (25) और गुड्डू उर्फ शैलेंद्र नशा आदि करते हैं। आज आरोपी गुढ्डू के साथ एक अंकित नामक व्यक्ति आया हुआ था, जिससे अनिल ने अपने उधार के पैसे मांगने लगा। यह बात गुढ्डू को अच्छी नहीं लगी। उसने कहा कि अंकित उसके साथ आया है। इससे अभी पैसे नहीं मांग सकते हो। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। इस बीच मामला इतना बढ़ गया कि आरोपी गुढ्डू दौड़ता हुआ अपने घर गया और घर से पिता की लाइसेंसी बंदूक लाकर अनिल को गोली मार दी। गोली लगते ही अनिल गिर पड़ा और गुढ्डू मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से घायल अनिल को सीएचसी काक. ोरी ले गई। जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। गोली अनिल के पीठ में लगी है।

# श्रावस्ती के प्राचीन मुंडा शिवाला का होगा जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार श्रावस्ती के ऐतिहासिक मुंडा शिवाला को नया जीवन देने की तैयारी है। इस प्राचीन शिवाला का 225 वर्षों का इतिहास है और यहां नेपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि धार्मिक धरोहर के संरक्षण और जीर्णोद्धार पर लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, नैमिषारण्य और छोटी काशी में हो रहे कार्यों की तर्ज पर मुंडा शिवाला को भी पुनर्जीवित करने की पहल की गई है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती के फखरपुर क्षेत्र के मोहल्ला बंजड़हा में स्थित मुंडा शिवाला का इतिहास करीब 225 वर्ष पुराना है। इसका निर्माण लगभग 1800 से 1820 के बीच स्थानीय ठाकुर परिवार द्वारा किया गया था।

यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है, बल्कि स्थानीय सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा रहा है। वर्षों से उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण मंदिर परिसर की स्थिति जर्जर हो गई थी। ऐसे में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से मुंडा शिवाला का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही मंदिर के बेहतर प्रबंधन, नियमित पूजा-पाठ और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए एक ट्रस्ट का गठन भी किया जाएगा। यह ट्रस्ट मंदिर के रखरखाव, धार्मिक आयोजनों और सुरक्षा व्यवस्था का संचालन करेगा। श्री द्विवेदी ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह, प्रांगण और चारों ओर की दीवारों की मरम्मत, रंग-रोगन, फर्श और टाइल्स का निर्माण किया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए सीसी रोड और संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बैठने की जगह, प्रकाश और सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे। परिसर में पौधरोपण, वर्षा जल संचयन, डिजिटल सूचना बोर्ड और सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। वहीं ट्रस्ट का गठन किया जाएगा। इससे पुजारी की नियुक्ति, नियमित पूजा-अर्चना, प्रमुख त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की योजना और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

यह ट्रस्ट स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मंदिर परिसर के संरक्षण और विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि मुंडा शिवाला के जीर्णोद्धार से श्रावस्ती में धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा।

यह क्षेत्र पहले से ही बुद्धकालीन धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक नया आकर्षण केंद्र बनेगा। नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी इससे बढ़ने की संभावना है।

# सुर संगीत के अभिनव प्रयोग ने बढ़ाई आल्हा में दिलचस्पी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** मातृ भूमि की आन-बान-शान के लिए मर मिटने वाले बुंदेलों की शूरवीरता की गौरव गाथा आल्हा में सुर संगीत के अभिनव प्रयोग ने श्रोताओं की दिलचस्पी बघ दी है। मनमोहक साज-बाज के साथ एकल व समूह के सुरीले गायन में लांच हुआ आल्हा का नया वर्जन श्रोताओं को खूब रिझा रहा है।

खासकर युवा वर्ग की भी इसमे रुचि बढ़ रही है। प्राणों में चेतना, रगो में उबाल और बाजुओं में फड़कन पैदा करने वाली आल्हा की गाथा वीर रस का अप्रतिम महाकाब्य है। जो उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रो मे विशेष लोकप्रिय है। आल्हा मे 12वीं शताब्दी के महोबा के चंदेल साम्राज्य के दो वीर योद्धाओं आल्हा और ऊदल के शौर्य,पराक्रम और युद्ध कौशल का वर्णन है जिसे उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षार्थ लघे विभिन्न युद्धों में प्रदर्शित किया। विद्वान इतिहासकारो ने अभी तक आल्हा की 52 लड़ाइयों की खोज कर ली है। इनमें महोबा की भुजरियों की लघई का प्रसंग सर्वाधिक चर्चित एवम लोकप्रिय है। भुजरियों के युद्ध मे आल्हा और ऊदल ने चंदेल राज. कुमारी चंद्रावल को बल पूर्वक उठा ले जाने आई दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान की सेना को बुरी तरह परा. जित करके खदेघ दिया था। इस युद्ध मे पृथ्वी राज चौहान को भारी क्षति उठानी पघी थी। बघी संख्या में सैनिकों के हताहत होने के साथ उसका एक पुत्र करिया भी इसमे मारा गया था। हिंदी भाषी क्षेत्रों में रामचरित मानस के बाद आल्हा को सर्वाधिक लोकप्रियता का दर्जा हासिल रहा है। इसके शौकीन आज भी इसमे उतनी ही रुचि लेते है। सावन के महीने में शाम का धुंधलका गहराते ही पक्षियों के कलरव के साथ अपने घोंसलों की ओर रुख करने और आसमान से गिरती मदमस्त फुहारों के बीच गांव की चौपाल में ढोलक की थाप पर जब आल्हा के स्वर फूटते थे तो इसके दीवाने अपने सभी कामकाज छोघ उसकी तरफ लखचे चले आते थे। महघ्लि जमने पर यह भान है नही होता था कि कब रात बीती और कब सुबह हुई। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों में जोश फूंकने के लिए आल्हा का इस्तेमाल किया गया। सैनिको में साहस वीरता और पराक्रम को जगाने के लिए इसका पठन-पाठन कराया जाता था। तब कानपुर के श्रीकृष्ण पुस्तकालय से आल्हा की पुस्तको की आपूर्ति की जाती थी। इसके अतिरिक्त भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भी आल्हा का अहम योगदान रहा है। अद्‌भुत ऊर्जा से ओतप्रोत इस महाकाब्य को स्वाधीनता आंदोलन के नायक क्रांतिकारी पंडित परमानंद चंद्रशेखर आजाद दीवान शत्रुघ्न सिंह आदि बेहद पसंद करते थे और सभी लोग समूह में बैठकर अक्सर इसका गायन भी करते थे। आल्हा उनकी दिनचर्या में शामिल था। आल्हा की रचना का श्रेय चन्देलों के दरबारी कवि जगनिक को दिया जाता है। लेकिन जगनिक रचित आल्हा की आज कोई भी प्रति उपलब्ध नही है।

चौहान साम्राज्य के राज कवि चंदरबरदाई द्वारा रचित पृथ्वीराज रासो में इसका उल्लेख है किन्तु उसे समुचित स्थान नही दिया गया। आल्हा का गायन प्रमुख रूप से बुंद. ेली अवधी कन्नौजी कानपुरी भोजपुरी आदि शैलियों में किया जाता है लेकिन वीर रस की प्रधानता होने के कारण इसकी बुंदेली शैली को श्रोताओं द्वारा अधिक पसंद किया जाता है। कुछ वर्षों पहले तक बुंदेली आल्हा गायकों में चन्द्रभान सिंह विदोखर बच्चा सिंह मवई शिवराम सिंह खरेला आदि ने अपनी गायकी के देश-विदेश में झंडे गाघे। इन अल्हैतो ने अपने ब्यक्तिगत शोध से इसकी विसंगतियों को न सिर्फ दूर किया बल्कि श्रोताओं के सामने परिष्कृत रूप में इसे पेश किया। हालांकि बाद कि पीघे के गायकों को यह विधा रास नही आई। सुर-संगीत से विलग आल्हा गायन उन्हें नही भाया।

जिससे न सिर्फ इसकी विकास यात्रा बाधित हुई बल्कि यह गुमनामी की ओर उन्मुख हो चला। स्वर और संगीत की पुट देकर आल्हा को 21वीं सदी का नया स्वरूप देने वाले महोबा के वीणापाणी संगीत महाविद्यालय के निदेशक अबोध कुमार सोनी ने बताया कि संगीत के मिश्रण से आल्हा में लावण्य आया है। जिससे लोग इसे खूब पसंद कर रहे है।

# महिलाओं ने बांधी एसडीआरएफ जवानों को राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में कई स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं ने राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवानों को राखी बांध कर उन्हें सुरक्षा बंधन' का अनूठा संकल्प दिलाया। कनकधारा संस्था और सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल की अध्यक्ष स्वाती निरखी ने कहा कि जिस प्रकार इन जवानों ने हाल ही में आई भीषण बाढ़ के दौरान लोगों की जान और माल की रक्षा की, वह किसी सगे भाई से कम नहीं है। एसडीआरएफ के जवानों ने भी हर परिस्थिति में लोगों की मदद का भरोसा दिलाया और बहनों को तोहफा भी दिया।

स्वाति निरखि ने कहा कि ये जवान अपने अपने घरों से दूर है और आज रक्षाबंधन का पर्व होने के बाद भी ये लोग बाढ़ ग्रस्त इलाको में अपनी ड्यूटी कर रहे है। आज हम लोगो ने इन जवानों की लंबी उम्र की कामना के साथ उनको राखी बांधी है।

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

## डीएम ने सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बंध में ली ऑनलाइन बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाये जाने के लिए सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेना. नियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं आर्कषक तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 13, 14 व 15 अगस्त को आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जाए उसके बाद ही साफ-सुंदर भवनों पर तिरंगा फहराया जाए। उन्होंने कहा कि झंडा संहिता का पालन सुनिश्चित करें, प्लास्टिक के झंडे का प्रयोग न हो। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को प्रात: 9:00 बजे तिरंगा रैली निकल जाएगी, जिसमें पर्यावरण तथा वृक्षारोपण जागरूकता के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाएगा। प्रात: 10:00 बजे शाम 4:00 बजे विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन किया जाएगा। रात 7:00 बजे से जनपद के सरकारी भवनों तथा नगर के मुख्य चौराहों को प्रकाशमय तथा रात्रि 7:30 बजे से स्थानीय इंदिरा बल भवन में रोटरी क्लब द्वारा आजादी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 15 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा प्रात: 8:00 बजे सरकारी कार्यालय में झंडा रोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त होने वाली गाइडलाइन के अनुसार ही सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वजा रोहण का कार्यक्रम प्रात: 08:00 बजे आयोजित होगा, राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुड़ियां बांधकर उसे फहराया जाएगा। झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निर्पेक्षिता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को शक्तिशाली बनाने पर जोर दिया जाएगा तथा लोगों को परम्परागत एकता प्रदर्शित करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। प्रात: 8:30 बजे एन.ए. पाशा द्वारा जादू शो कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों/प्राचार्यों को निर्देश दिए कि संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूर्ण हर्षोल्लास और परम्परागत रूप से मनाया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर कॉलेज व स्कूलों मे विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाए और रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्वतंत्रता सेनानियों से जुडे सभी स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही उन स्थलों का सौंदर्यीकरण कर वहां प्रकाश की व्यवस्था करें।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मान, वृक्षारोपण कार्यक्रम जिले के समस्त कार्यालयों में व चयनित अन्य स्थान पर वृक्षारोपण, मिष्ठान एवं फल वितरण जिला कारागार एवं कुष्ठ आश्रम, सीएचसी व पीएचसी सहित सरकारी चिकित्सालयों में उपरोक्त समस्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकारा यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जर्जर लिंक रोड को बनवाने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गांव की जर्जर लिंक रोड से त्रस्त व बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर स्थित गांव की लिंक रोड पूरी तरह से तालाब बन चुकी है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। बारिश में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज ग्रामीणों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन से मांग की कि गांव की लिंक रोड को जल्द बनवाया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन करने वालों में राहुल, नितिन, सुरेंद्र, संदीप, जाकिर, सौरभ, लवी, सचिन, सुरेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### डीएम ने दी बाढ़ से नुकसान की जानकारी

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने जिले में खराब मौसम से 24 घंटे में हुई जन हानि, पशु हानि तथा मकानों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए बताया कि तहसील बिजनौर में सर्पदंश के कारण एक व्यक्ति घायल, धामपुर में पानी में डूबने से दो पशु की मृत्यु तथा सभी तहसीलों में कुल 68 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित शिविरों एवं लोगों को बिजनौर नजीबाबाद एवं चांदपुर में 800 खाद्यान्न किटों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी खतरे के निशान से 70 सेमी नीचे तथा खो नदी खतरे के निशान से 90 सेंटीमीटर नीचे प्रवाहित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आज प्रात: 9:00 बजे गंगा नदी के जलस्तर एवं डिस्चार्ज की स्थिति गंगा नदी 219.30 (मी.)/188810 क्यूसेक तथा खो नदी 224.35 (मी.)/13786 क्यूसेक रही। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बाढ़ प्रबंधन तंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम इमरजेंसी ऑपरेशन संचालित है जिसका दूरभाष नंबर 01342-262295 तथा 01342-263031 है जो 24 घंटे संचालित रहता है, जिस पर क्रमवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर कुल पांच बाद नियंत्रण कक्ष स्थापित हैं तहसील बिजनौर का दूरभाष नंबर 01342-264048 तहसील धामपुर 01344-230035 तहसील नगीना 01343-250269 तहसील नजीबाबाद 01341-220419 तथा तहसील चांदपुर में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01345-220521 है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी नंबरों पर बाढ़ से संबंधित कोई भी सूचना अथवा समस्या के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है, जिस पर जिला अथवा तहसील प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### तिरंगा यात्रा की रूपरेखा बनाई



**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी नगीना मंडल के आगामी कार्यक्रमों व तिरंगा यात्रा के संदर्भ में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल ने व संचालन महामंत्री पंडित सचिन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अजीत अग्रवाल ने 13 -14 अगस्त को अपने आसपास स्थित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा लगाने का आहवान किया। उन्होंने अपने आसपास रहने वाले सैनिकों व सैनिको के परिजनों को सम्मानित करने की बात कही। इसके अलावा नगर में निकलने वाली तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तय कराई। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, पंकज चौहान, अनुज वर्मा, सोहन सैनी, मंडल मंत्री जितेंद्र राठी, हरमीत मल्होत्रा, अतुल भारती, इंदु ठुकराल पूर्व मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, कोषाध्यक्ष सरिता विश्नोई, जितेंद्र सैनी, मोहित गर्ग, तिलक राज, इमरान, अमन, जनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्योहारा में तिरंगा यात्रा 12 को



**स्योहारा।** भाजपा मंडल स्योहारा द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दीप सौरभ सदस्य हिंदुस्तानी अकादमी उत्तर प्रदेश सरकार रहे बैठक में मंडल महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा संयोजक जयपाल सिंह ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की मंडल अध्यक्ष नीरज राणा ने सभी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी और समय पर पालन करने का आह्वान किया मुख्य अतिथि डॉ. दीप सौरभ ने बूथ अध्यक्षों को तिरंगा यात्रा के प्रति उत्साहित किया और कहा कि यह कार्यक्रम देशभक्ति व एकता का प्रतीक है। वही व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित वर्मा ने कहा है कि तिरंगा यात्रा और हमारे राष्ट्रीय तिरंगे से देश की एकता और अखंडता महसूस होती है। हमें अपने देश की एकता को मजबूती देते हुए तिरंगे को प्रमुखता देनी है। अमित कुमार वर्मा ने बताया है कि यह तिरंगा यात्रा 12 अगस्त को रामलीला ग्राउंड से निकल जाएगी है। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, वीरांगना उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार, महेंद्र सैनी, दिपांशु, अमित वर्मा, शरणजीत जोशी, बलराम जोशी, संतोष सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईटीआई में एडमिशन के लिए चतुर्थ चरण की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए तीन चरण की प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत भी कुछ संस्थान में कुछ ट्रेड की सीट अभी रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रवेश प्रक्रिया जारी की गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन ऑनलाइन किया था, किंतु अभी तक उनका किसी भी संस्थान हेतु चयन नहीं हो पाया है वे अब रिक्त रह गई सीटों के सापेक्ष अपना विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन हो गया था किंतु वह किन्हीं कारणवश प्रवेश नहीं ले पाए थे, वह भी अब रिक्त रह गई सीटों पर विकल्प परिवर्तन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया था। अब नया आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। सीटों का विवरण www.scvtup.in पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने पूर्व आवेदन में विकल्प परिवर्तन तथा नए आवेदन पत्र ऑनलाइन कर सकते हैं। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा दी गई।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को बैठक

## कार्यकर्ताओं की टीमें की गई गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर मे गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के झालू मंडल के मंडल संयोजक विकास अग्रवाल रहे। साथ ही भाजपा के सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शुक्रवार की शाम कस्बा झालू मे गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिंकी गुप्ता व संचालन सोनू प्रधान ने कि। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टीम गठित की गई।



मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल ने कहा कि हमें इस अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा सौंपे गए सभी दायित्व को मुख्य रूप से निभाना है। उन्होंने तिरंगा अभियान के लिए सभी जरूरी दिशा निर्देश पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए। मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, एकता और संगठन का प्रतीक है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित चौधरी ने अपने भाषण में कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा पूरे जोश के साथ कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में जुट जाने का आह्वाहन किया। भाजपा नेता शिवम् एडवोकेट ने कहा कि हमारा देश सर्वोपरि है, उन्होंने अमेरिका से आयात करके आई वस्तुओं का उपयोग न करने की सलाह दी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी की टीम, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन

## हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्य धाम धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय श्री शिव महा पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया है। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातनी परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की भगवान भोलेनाथ के चरणों से कामना की।

कार्यक्रम में समर्पित एवं निष्ठा पूर्ण योगदान देने वाले भगवान भोलेनाथ के अनेक भक्तों को पटके पहना कर सम्मान भी प्रदान किया गया। धर्मशाला परिसर में आयोजित सामूहिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमान धर्मशाला की प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार रस्तोगी एवं उनकी धर्मपत्नी सुमन रानी रस्तोगी, प्रतीक रस्तोगी एवं शिवांगी रस्तोगी, प्रियांशी रस्तोगी, आशीष रस्तोगी, अयांश रस्तोगी, अद्विक रस्तोगी आदि रहे जबकि अन्य यजमानों की भूमिका योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट एवं दीपा रानी शर्मा, अनिल कुमार चौहान एवं सरिता सिंह चौहान, लोकेंद्र कुमार शर्मा एवं शारदा शर्मा, नीरज बिंदल एवं अमृता बिंदल, अजय नंदन एवं प्रगति नंदन, रोशन कुमार बिंदल एवं राजरानी बिंदल, सहदेव चौधरी एवं सविता सिंह, पंकज कुमार एवं रुक्मिणी देवी, अशोक कुमार शर्मा, वीके शर्मा, नरेश कुमार, आनंद सिंह सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार चौहान, मास्टर घसीटा सिंह चौहान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेंद्र पाल सिंह, राजीव कुमार दीक्षित आदि सहित अनेक श्रद्धालु परिवारों ने प्रदर्शित की। पूजन एवं सामूहिक हवन यज्ञ कार्यक्रम कथा वाचक आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज के संरक्षण में देव मंदिर शिक्षक बिहार के पुजारी पंडित रविकांत वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। कार्यक्रम में जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के दरबार के समर्पित सेवक योगेंद्र चौहान को उनकी प्रभावी गायन कला के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया पटका पहनाकर पारंपरिक जयकारों की गूंज के बीच सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान वातावरण ओम नम: शिवाय के सामूहिक जाप एवं हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश भगवान तथा कार्तिकेय भगवान को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की गई, जिसमें टीचर्स कॉलोनी और धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर कथावाचक आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों में श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वह 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के अंतर्गत श्रवण की गई कथा को अपने जीवन में स्थान दिलाने तथा उसका अनुसरण चिंतन और मनन करने का भी संकल्प लें। समूचे कार्यक्रम को सफलता दिलाने में टीचर्स कॉलोनी के सभी प्रमुख सनातन परिवारों तथा धामपुर के अनेक श्रद्धालु परिवारों का समर्पित योगदान रहा।

# महिला कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद किरतपुर में शुक्रवार को बंधन स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पालिका कर्मचारियों ने सफाई मित्रों को राखी बांधकर उन्हें स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया।

राखी बांधने के उपरांत सफाई मित्रों ने बहनों को स्वस्थ जीवन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। मेघा गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन को भावनात्मक रूप से जोड़ना है। बल्कि सफाई कर्मियों के सम्मान और मनोबल को भी बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में पालिका की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के साथ प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, बाबूराम, ज्ञानेश्वरानंद, रिजवान ठेकेदार, प्रेम कुमार, मो. नासिर, सुरेंद्र कुमार, प्रशांत समेत समस्त पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

# तिरंगा यात्रा सकुशल संपन्न कराने को भाजपा कार्यकर्ताओं की योजना बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष कमल सैनी की अध्यक्षता एवं महामंत्री सचिन देशवाल के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री तरुण राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व की योजना के अनुसार दस अगस्त को भागूवाला मंडल के साहनपुर स्थित अमर शहीद स्व. अमित सिंह की समाधि से भव्य तिरंगा यात्रा साहनपुर में होते हुए भुईयार धर्मशाला पर संपन्न होगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की गई। तिरंगा यात्रा के संयोजक सचिन देशवाल, सह संयोजक डॉ. मयंक चौहान तथा नवबहार सिंह की देखरेख में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सब तिरंगा यात्रा में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में अपनी अपनी भूमिका में शीर्ष नेतृत्व के योजना अनुसार कार्य करें ताकि तिरंगा यात्रा व आगामी कार्यक्रम सब कुशल संपन्न हो सके।



चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, रोहिताश सिंह नरपाल सिंह, नवबहार सिंह, राजकुमार प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा, वरुण कौशिक, कपिल राजपूत, डॉ. मयंक चौहान, नीरज कुमार, निखिल कुमार, संजीव राठी आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## थाना प्रभारी की सतर्क निगरानी से दिखा प्रशासनिक अनुशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** श्रद्धा, आस्था और समर्पण के प्रतीक सावन माह में आयोजित कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी स्योहारा क्षेत्र में पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। इस सफलता के पीछे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कर्तव्यनिष्ठ नेतृत्व और पुलिस टीम की दिन-रात की मेहनत जिसने न केवल कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा बल्कि हर कांवड़ यात्री को सुरक्षा और सहयोग का पूर्ण विश्वास भी दिलाया।



अमित कुमार के नेतृत्व में न केवल व्यवस्था चुस्त रही बल्कि समाज के हर वर्ग को यह संदेश भी मिला कि पुलिस केवल सख्ती की प्रतीक नहीं बल्कि सुरक्षा सहयोग और सम्मान की संवाहक भी है। उनके कार्यकाल में अपराधियों को सख्त संदेश मिला कि अपराध के लिए अब कोई जगह नहीं। वहीं आम नागरिकों को विश्वास और सम्मान का माहौल भी प्राप्त हुआ। स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने थाना प्रभारी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रशासनिक सतर्कता और संवेदनशीलता से ही समाज में विश्वास और शांति का माहौल बनता है। कांवड़ यात्रा में तकनीकी निगरानी को भी प्राथमिकता दी गई। प्रमुख मार्गों पर ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की सहायता से हर गतिविधि पर नजर रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की शरारत या अव्यवस्था को समय रहते रोका जा सकता था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सिर्फ प्रशासन ही नहीं बल्कि स्थानीय युवाओं, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। जगह-जगह पर जलपान, विश्राम और प्राथमिक चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था की गई, जिससे यह यात्रा न केवल सुरक्षित बल्कि सुविधाजनक भी बनी रही। युवाओं की इस सहभागिता ने यह साबित किया कि जब समाज और पुलिस एक साथ चलें तो हर चुनौती आसान हो जाती है।

# स्योहारा में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक और प्रेम, त्याग तथा स्नेह का संदेश देने वाला पवित्र पर्व रक्षाबंधन नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास और पूर्ण शांति के माहौल में मनाया गया।

सुबह से ही बहनों में अपने भाइयों को राखी बांधने और उनके लंबे जीवन व सुख-समृद्धि की कामना करने का उत्साह देखने को मिला। घर-घर मिठाइयों की मिठास और राखियों की खुशबू से वातावरण भक्तिमय और पारिवारिक प्रेम से सराबोर रहा। रक्षाबंधन का यह दिन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि समाज में आपसी भाईचारे सम्मान और एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अपने स्नेह का भरोसा दिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और सम्मान का वचन दोहराया। इस पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा व अन्य लोगों ने भी बहनों से अपनी कलाई में राखी बांधकर उन्हें सुरक्षा एवं प्यार का विश्वास दिलया। इस अवसर पर नगर में किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ या यातायात बाधा न हो, इसके लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। मुख्य चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की उचित तैनाती की गई। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था की गई, जिससे कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनी। लोगों ने खुले दिल से इस व्यवस्था की सराहना की और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया कि उनकी सतर्कता से पर्व बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ।

# ग्राम पंचायतों में लगेंगे जागरूकता कैम्प

**बिजनौर।** जिला अग्रणी जिला प्रबन्धक अखिल कुमार सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय, भारत सरकार भारत द्वारा 30 सितंबर, 2025 तक की अवधि हेतु जन सुरक्षा अभियान चलाया गया है। इस अवधि में बैंकों द्वारा उनके सेवा क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राहक जागरूकता / जन जागरूकता कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इन कैम्पों के माध्यम से आम जन को उनके बैंक खातों को सक्रिय बनाये रखने के लिये केवाईसी अपडेट कराने, जिन लोगों का अभी तक बैंक खाता नही है उन्हें जनधन खाते खुलवाने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन / पंजीकरण कराने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे अपने नजदीकी ग्राम पंचायत कैम्प अन्यथा जिस बैंक शाखा में उनका खाता है वहां केवाईसी तथा नॉमिनेशन करायें ताकि उनका खाता सक्रिय बना रह। उन्होंने बताया कि सभी पात्र बैंक खाताधारक, जिन्होंने अभी तक उपरोक्त जनसुरक्षा योजनाओं में नामांकन/पंजीकरण नहीं कराया है वे इन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठायें।

# पुक्खेवाला में गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम पुक्खेवाला मे मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया।

गन्ना समिति अफजलगढ़ के द्वारा व द्वारिकेश चीनी मिल एवं गन्ना विकास परिषद अफजलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पुक्खेवाला मे गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मृदा ऊर्वरता प्रबंधन एवं खेत की तैयारी करना, खेत की मिट्टी को ट्राईकोडर्मा से शोधित करना, लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति को. 0238 को नवीनतम एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों से विस्थापित करने, बुआई से पहले बीज गन्ना शोधन अवश्य करने, शरद काल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में को. 0118, को.लख. 14201, 16202, को.शा. 13235, 17231, 18231 गन्ने की बुआई करने, शरद काल में लाइन से लाइन की दूरी चार फीट पर ट्रेंच विधि से बुआई करने, गन्ने को गिरने से बचाने के लिए गन्ने की बंधाई करने, इस समय गन्ने के खेतों में बेल उग आती है, समय समय से इसकी इसको खेत से निकालते रहने, को. 0238 के खेतों में लाल सुरंग रोग से बचाव के लिए प्रति एकड़ ड्रोन द्वारा 200 मिली एजो डीजो, 200 मिली एमिडा एवं 500 मिली लीफ के साथ (प्रति एकड़) पन्द्रह दिन के अंतराल पर दो बार पर्णीय छिड़काव अवश्य करवाने आदि बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। गोष्ठी मे कृषकों से सरकार द्वारा संचालित पंचामृत योजना कि चर्चा कि गई, पंचामृत योजना के सभी अवयव, ट्रेंच, सहफसली, ड्रिप इर्रिगेशन,रटून मैनेजमेंट, ट्रेश मलचिंग बिधि से गन्ने कि खेती करने से कृषकों की आय दुगुनी करने मे सहायक सिद्ध हों रही है। गन्ना समिति सचिव ने कृषको से अपील की, कि समिति स्तर पर स्थापित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध, एम बी प्लॉउ, आरएमडी, पावर स्प्रेयर, चीजलर एवं मलचर आदि कृषको को आसान किराये पर उपलब्ध है, उसका लाभ उठा सकते है।

# गौशाला पहुंचे विधायक गन्दगी देख बिफरे

■ एसडीएम को फोन कर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रक्षा बंधन पर्व पर शनिवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार के साथ क्षेत्र के गांव अधकटा नजराना स्थित वृहद गौशाला में गौ माताओं को गुड़ खिलाने पहुंचे, जहां भारी गन्दगी और अनियमितताएं देख वह विफर पड़े, उन्होंने पहले तो डीएम को फोन लगाया, लेकिन जब डीएम का फोन नहीं उठा तो उन्होंने एसडीएम उदित पवार को फोन कर कड़ी नाराजगी जताई।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार के साथ शनिवार को ग्राम स्थित गौशाला जा पहुंचे, और गौ माताओं को गुड़ खिलाया। इस दौरान उन्हें गौशाला में भारी गंदगी मिली, साथ ही कई पशु उन्हें बीमार मिले। इतना ही नहीं उन्हें गौशाला में पानी भरा मिला। उन्हें कई पशु तड़पते हुए भी मिले।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को पशुओं को सूखा चारा खिलाते मिला, जबकि शासन हरा चारा का पैसा गौशाला के केयर टेकर को दिया जाता है। गौशाला में मिली इन अनियमितताओं पर विधायक ने पहले डीएम को फोन लगाया, जब उनका फोन नहीं उठा तो विधायक ने एसडीएम को फोन कर कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यवाही को कहा है। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य को जहां गायें बड़ी संख्या में बीमार मिलीं, वहीं उन्हें स्वस्थ पशुओं के साथ रखा जाता मिला, जिसपर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इतना ही नहीं उन्हें पशु काफी कमजोर मिले और कई सांड घायल मिले। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने बताया कि वह इस मामले में आला अधिकारियों को इससे अवगत कराएंगे। उन्हें गौशाला का देखकर काफी दु:ख हुआ है। इस दौरान विधायक ने रजिस्टर भी चेक किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने गौशाला का हाल देखकर खण्ड विकास अधिकारी को इस मामले में कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने बताया कि इतना बुरा हाल गौशाला का है, जिसका जिक्र नहीं किया जा सकता है, उन्हें आज गौशाला की हालत देखकर बेहद दु:ख हुआ है। विधायक और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कस्बे में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह से ही लोगों ने स्नान कर पूजा अर्चना की। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया।

इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे-बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया।अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा।

बाजारों में भारी भीड़ रही मिठाई व फलो की दुकान पर लाइने लगी रही।

कस्बे के लोधीनगर चौरहा पर टेम्पो व टुकटुक की बजह से जाम की स्थिति बनी रही लोगों को निकलने की लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लेकिन पुलिस ने जल्द से जल्द रोड को सुचारु रूप से चालू करा दिया।सुरक्षा व्यवस्था में जगह जगह पुलिस बल तैनात रही।

## पांच दिन बाद नदी किनारे झाड़ियों में फंसा मिला ग्रामीण का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गतदिनों संदिग्ध हालात में लापता हुए ग्रामीण का शव आज शनिवार को नदी किनारे झांडियो में फंसा मिला।पुलिस ने सड़े गले शव को कब्जे में लेकर पी एम को भेज दिया।

बताते चलें कि चौकी क्षेत्र क्षेत्र बंजरिया के गांव सिया ठेरी निवासी राजपाल पाँच दिन पूर्व मंगलवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गया था।ग्रामीण की पत्नी आरती ने गाँव के ही राम भरोसे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की थी कि उसके पति को राम भरोसे घर से खेत में खाद बुबाने को ले गया था।तथा शराब पिलाकर नदी में डुबोकर हत्या कर दी है।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।तो आरोपी ने भी नदी में डूबने की बात कहीं थी।तब पुलिस ने एन डी आर एफ की टीम बुलाकर नदी में मोटर बोट के सहारे शब की तलाश कराई थी। मगर सफलता नहीं मिली थी।अब पांच दिन बाद नदी किनारे झाड़ियों में सड़ा गला शब मिला है।अब पी एम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला नदी में डूबने का है या हत्या का है।

> जिस स्थान पर शव मिला है वह कोतवाली बहेड़ी का क्षेत्र है इसलिए बहेड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पी एम को भेजा है है पी एम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी
>
> **हरेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शीशगढ़**

## उर्स-ए-रजवी: इस्लामिया मैदान से लेकर दरगाह तक उर्स की बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी की तैयारियां बड़े पैमाने पर शुरू हो चुकी हैं। उर्स स्थल इस्लामिया मैदान से लेकर दरगाह आला हजरत तक काम तेजी के साथ किए जा रहे हैं। नगर निगम ने भी उर्स स्थल इस्लामिया मैदान को समतल करने, साफ-सफाई, पानी सप्लाई लाइन, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिए हैं। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में टीटीएस रजाकार भी तैयारियो में जुटे हैं।



नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह, रजा मस्जिद, अफ्रीकी हॉस्टल, लंगर खाना, रहमानी मेहमान खाना की रंगाई पुताई और सजाने संवारने का काम शुरू हो चुका है।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां खुद तैयारियों का जायजा लेने जिले भर का दौरा कर रहे हैं। परसौना, फतेहगंज, पदारतपुर, ठिरिया निजावत खान, रहपुरा चौधरी, महलऊ, मनपुरिया, उड़ला जागीर, मीरगंज, भिडॉलिया, सदर कैंट जाकर लंगर कमेटियों की हौसला अफजाई करते हुए ज्यादा से ज्यादा लंगर लगाने की अपील कर रहे हैं।

उर्स की तैयारियों में मुफ्ती कलीमुर्रहमान, मौलाना बशीरुल कघदरी, मौलाना जाहिद रजा, राशिद अली खान, औरंगजेब नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, परवेज नूरी, शाहिद नूरी, ताहिर अल्वी, रईस रजा, मंजूर रजा, महफूज खान, वसीम खान, हाजी रौनक अली, हारून खान, गौहर खान, मुजाहिद बेग, नईम नूरी, शान रजा, इशरत नूरी, हाजी अफसर बेग, रेहान रजा, समी रजा, अजमल रजा, नफीस खान, हसीन खान, आसिफ रजा आदि लगे हैं।

## करोड़ों की ठगी के आरोपी अमर ज्योति निधि के निदेशक और एजेंट पर एक और रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगी के आरोप में अमर ज्योति रुहेलखंड निधि लिमिटेड के निदेशक और पूर्व भाजपा नेता सूर्यकांत व कंपनी के एजेंट देवेंद्र के खिलाफ बारादरी थाने में धोखाधड़ी की एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है। पिछले माह बरेली के कटरा चांद खां निवासी नगर निगम की कर्मचारी विनीता मौर्य ने सूर्यकांत और उसके भाई शशिकांत के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दोनों भाईयों और कंपनी के आठ एजेंटों के खिलाफ बदायूं में पहले से कई मामले दर्ज हैं। सूर्यकांत और शशिकांत पर पुलिस 50-50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर चुकी है।

बारादरी थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सुभाषनगर थाना क्षेत्र के नेकपुर ललिता देवी मंदिर निवासी राजेश्वरी गंगवार ने बताया है कि अमर ज्योति रुहेलखंड निधि लिमिटेड का एजेंट देवेंद्र उनसे सितंबर 2024 में मिला था। उसने कंपनी की योजनाओं और उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। एजेंट के कहने पर उन्होंने कंपनी में निवेश शुरू किया।

एक जुलाई को वह कटरा चांद खां स्थित कंपनी के कार्यालय पहुंचीं तो पता लगा कि कंपनी के निदेशक रुपये लेकर भाग गए हैं। उन्होंने एजेंट से संपर्क किया तो वह भी नहीं मिला। उन्होंने निदेशक सूर्यकांत और एजेंट देवेंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 300 करोड़ को फर्जीवाड़ा हो चुका है उजागर

कंपनी निदेशक सूर्यकांत और शशिकांत के खिलाफ दर्ज पुराने मामलों में जांच के दौरान अब तक लगभग 300 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा उजागर हो चुका है। दोनों भाईयों ने दो हजार से ज्यादा लोगों से निवेश कराया।

एफडी और आरडी जैसी योजनाओं में लाभ का लालच देकर आम लोगों से रकम वसूली और दो माह पहले कंपनी का दफ्तर बंद कर फरार हो गए। चोरी-छिपे कटरा चांद खां स्थित अपनी कोठी भी बेच दी। हालांकि, कंपनी के 18 बैंक खातों को भी सीज किया गया है। इनमें 1.15 करोड़ से ज्यादा रुपये जमा हैं।

### दिहाड़ी पर कमाई करने वालों को भी नहीं छोड़ा

सूर्यकांत और शशिकांत अमर ज्योति लिमिटेड, अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड, अमर ज्योति हायर परचेज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड नाम की कंपनियों में एजेंटों और अपने सहयोगियों से लोगों से निवेश कराते थे। दोनों भाईयों ने दिहाड़ी पर कमाई कर गुजारा कर रहे ठेला-खोमचा वालों को भी नहीं छोड़ा, और इनसे भी ठगी कर ली।

इनके अलावा, व्यापारियों और सरकारी कर्मचारियों को भी अपना शिकार बनाया। नगर निगम की कर्मचारी विनीता से 1.50 लाख रुपये निवेश कराए थे। कटरा चांद खां के ही सब्जी विक्रेता भगवानदास का कहना है कि उन्होंने बेटी की शादी के लिए दो लाख रुपये की एफडी कराई थी। कई और ठेला-खोमचा वालों ने भी अपने पसीने की कमाई निवेश की है।

### सफेदपोशों के संरक्षण से शुरूआत में पुलिस ने भी नहीं डाला हाथ

कंपनी निदेशक सूर्यकांत भाजपा का महानगर अध्यक्ष था। तीन माह पहले जब उसके खिलाफ बदायूं में मामला दर्ज हुआ तो भाजपा से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने हाथ नहीं डाला। इस दौरान दोनों भाई खुद को बचाने के लिए सफेदपोशों के संरक्षण में पहुंच गए। बाद में जब भाजपा ने सूर्यकांत को पद से हटाते हुए उससे किनारा किया तो एसएसपी बदायूं ने जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी। तब तक दोनों भाई राजनीतिक संरक्षण में भूमिगत हो चुके थे। इसके बाद एसएसपी बदायूं ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित किया। बाद में डीआईजी ने इनाम की रकम को बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दिया।

### तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत पर हैं आरोपी

करोड़ों की ठगी के आरोपी सूर्यकांत और शशिकांत की गिरफ्तारी में पुलिस की लापरवाही ने दोनों को हाईकोर्ट तक पहुंचने का मौका दे दिया। दोनों भाईयों ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अंतरित जमानत की मांग की। तर्क दिया कि तमाम दस्तावेज कंपनी के कार्यालय में रखे हैं। वह गिरफ्तारी के डर से कार्यालय नहीं जा पा रहे। जुलाई के दूसरे सप्ताह में हाईकोर्ट ने दोनों को तीन सप्ताह की अंतरित जमानत दे दी, लेकिन इसके बाद भी दोनों ने किसी निवेशक को रुपये वापस नहीं किए। इधर, एसआईटी जांच भी धीमी हो गई है।

> अमर ज्योति के निदेशक और एजेंट के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इससे पहले भी धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया जा चुका है। दोनों मामलों में जांच की जा रही है।
>
> **मानुष पारीक**
> **एसपी सिटी**

## पीलीभीत हाईवे पर एक्सल टूटने से अनियंत्रित हुई रोडवेज बस

■ खंती के पानी में घुसी, मची चीख-पुकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर रोडवेज बस एक्सल टूटने से अनियंत्रित होकर खंती में घुस गई। हादसा सिथरा गांव के पास हुआ। बस में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सवारियों को बस से बाहर निकाला। रक्षाबंधन के चलते बस खचाखच भरी थी। बस में 69 यात्री सवार थे। हादसे में पांच से अधिक यात्री मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस शनिवार सुबह सवारियों लेकर बरेली आ रही थी।

बताया गया है कि हाफिजगंज क्षेत्र में सिथरा गांव के पास हाईवे पर गड्ढे हैं। गड्ढे में बस का पहिया जाने से उसका एक्सल टूट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे खंती में उतर गई। खंती में बारिश का पानी भरा था। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद घटनास्थल पर राहगीरों व स्थानीय लोग जुट गए। शीशा तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। जिस खंती में बस उतरी थी, उसमें पानी था। उधरनपुर के पूर्व प्रधान सर्वेश गंगवार ने सवारियों को फंसा देख फार्म हाउस के लोहे का दरवाजा लाकर रखा। जिसके ऊपर से सवारियों को बाहर निकाला। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंची। सवारियों को दूसरे वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।



## दहेज में 15 लाख की कार न देने पर रिश्ता तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र में एक पिता ने अपनी बेटी के होने वाले दामाद और उसके परिवार पर दहेज के लिए रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी बेटी का रिश्ता उमाशंकर के साथ तय हुआ था, और गोद भराई की रस्म के दौरान उन्होंने 2.51 लाख रुपये नकद दिए थे। इसके बावजूद लड़के ने 15 लाख रुपये की कार की मांग की, और जब पिता ने असमर्थता जताई तो लड़के ने रिश्ता तोड़ दिया।

दरअसल, लड़का और लड़की फोन पर बात करते थे, और लड़के ने लड़की से कहा कि वह एक अच्छी कंपनी में काम करता है, और उसे उसके पिता से 15 लाख रुपये की कार चाहिए। लड़की ने अपने पिता की असमर्थता बताई, जिसके बाद लड़के ने रिश्ता तोड़ दिया, और शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है, और उसके पिता को धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने कोई कानूनी कार्रवाई की तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने उमाशंकर पुत्र देवीदास और हेमराज पुत्र देवीदास निवासी ज्योरा कोतवाली नवाबगंज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 7 अक्टूबर 2020 को मो. अरशद उर्फ मो. इशरत के साथ हुई थी, और उसके परिवार ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद उसके पति और ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं हैं, और उसे प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति और ससुराल वाले चार पहिया वाहन, सोने की चौन और कुंडल दहेज में लाने का दबाव बनाते हैं, और उसके साथ मारपीट करते हैं। पीड़िता का ससुर मो० अशरफ उसके साथ अश्लील हरकतें करता है, और उसकी पत्नी मुशतरी और ननद सदफ उसका साथ देती हैं। 29 जुलाई 2025 को पीड़िता को ससुरालियों ने मारा पीटा, और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता के शरीर पर कई गुम चोटें आई हैं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### बहेड़ी में रक्षाबंधन की अनोखी मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में रक्षाबंधन का त्यौहार एक अनोखे तरीके से मनाया जाता है। यहां एक हिंदू बहन अपने मुस्लिम भाई दानिश बाबा को 20 साल से राखी बांध रही है। दिव्या कोहली का मायका बहेड़ी के गांव शकरस का है, शादी से पहले वो शकरस से राखी बांधने आती थी, जो अब रुद्रपुर में रहती हैं, हर साल अपने सगे भाई को राखी बांधने से पहले दानिश बाबा को राखी बांधने आती है।

**मुस्लिम भाई को 20 साल से राखी बांध रही हिंदू बहन**

दिव्या कोहली ने बताया कि वह दानिश बाबा को अपने भाई की तरह मानती है, और हर साल रक्षाबंधन पर उनके लिए राखी लेकर आती है। दानिश बाबा और उनका परिवार भी इस परंपरा से काफी खुश हैं, और इसे असली भारत का प्रतीक मानते हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक धागा ही नहीं, बल्कि विश्वास, विचार, भाव और वादा भी है। बहेड़ी में इस त्यौहार को मनाने का तरीका एक अनोखी मिसाल पेश करता है, जो हमें भाईचारे और प्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है।

### बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** क्षेत्र में आज कस्बों से लेकर गांव तक भाई बहन के पवित्र बंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर और मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु की कामना की। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को प्रेम पूर्वक उपहार भेंट की। सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह थाना प्रभारी देवरनियां आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं स्वयं थाना प्रभारी भी अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

### श्रद्धा से मनाया रक्षाबंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** बहन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व यहां श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर दीर्घ आयू की कामना की, तो भाइयों ने उन्हें उपहार भेंटकर रक्षा का संकल्प लिया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षा बंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस दौरान जहां रंग बिरंगी मिठाईयों की जमकर खरीदारी हुई, वहीं निजी वाहन चालकों ने जमकर इसका फायदा उठाया।

रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी।

### बिना लाइसेंस और डिग्री के मेडिकल स्टोर पर पशुओं की दवाई बेचने वाले के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बिना लाइसेंस और बिना कोई डिग्री के क्षेत्र के गांव लावाखेड़ा तालिब हुसैन में चल रहे एक मेडिकल स्टोर पर बेखघैफ होकर पशुओं की दवाएं काफी समय से बेची जा रही थीं।

बिना लाइसेंस के पशुओं की दवाएं बेचे जाने की शिकायत पर सेंथल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धीरज पाल गंगवार ने ग्राम में छापा मारकर पशुओं की दवा बेच रहे कौशल कुमार गंगवार से जब दवाई बेचने का लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा पाया। उसके पास दुकान का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धीरज पाल गंगवार ने इसकी सूचना औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन को दी। बताया जाता है कि कौशल कुमार गंगवार एलोपैथिक दवाईयों से पशुओं का इलाज करता था। इस मामले की रिपोर्ट पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धीरज पाल गंगवार ने कौशल कुमार गंगवार के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज कराई है।

### बाइक से टकराकर पलटा ऑटो, सवारी हुई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शनिवार को दोपहर में ठिरिया खेतल से बरेली सवारी लेकर जा रहा ऑटो राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरजू कट के सामने बाइक से टकरा कर पलट गया ऑटो में बैठी एक महिला शाहजहां पत्नी अफसर अली निवासी ठिरिया खेतल के चोट लगने से गंभीर घायल हो गई। मौके पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा ऑटो कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया। बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

### दबंगों ने महिला और बच्चों पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके परिवार पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता नेमवती पत्नि नन्नेलाल ने आरोप लगाया है कि उसके घर के सामने कुछ लोग शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे।

जब उसने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उसके नाबालिग बेटे और अन्य परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। दबंगों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया। हमले में संजीव, जेठ चोखेलाल, देवर हरीराम, और लड़की कल्पना को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आनंदी पुत्र फगुनी, पीतम पुत्र फगुनी, भगवानदास पुत्र भूपाल, बेदराम उर्फ बेद प्रकाश निवासी पिंडारी अभियचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है, और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने का दावा कर रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# बाढ़ के पानी में नहा रहा युवक डूबा, मौत

■ गौताखोरों की मदद से ढूंढकर निकाला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकीं।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाना इलाके के गांव वहाँपुर के जंगलों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। दोपहर को दिनेश पुत्र दुर्गा उम्र 35 साल बाढ़ के पानी मे नहाने गया था अचानक पानी मे डूब गया। कुछ लोगो ने युवक को डूबता देखा तो ग्रामीणों को इसकी खबर दी ग्रामीणों द्बारा गौताखोरो की मदद से युवक को ढूंढने के प्रयास किया। काफी देर बाद युवक शव तलाश किया गया। ग्रामीणों द्बारा पुलिस को सूचना दी मौके पर डायल 112 और स्थानीय पुलिस पहुंच गई पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कहा जा रहा है, लगभग 8 साल पहले पिता दुर्गा की भी पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। लोगो का कहना है, दुर्गा भी बरसात के पानी मे नहा रहे थे अचानक डूबने से उनकी मौत हुई थी। मृतक के परिवार वालों का रोरो कर बुरा हाल है।

# रक्षाबंधन पर बसों में रही भारी भीड़

**कांठ।** रक्षा बंधन पर भाइयों की कलाई पर राखी बांधने निकली बहनों को आज भारी मुसीबत भरे सफर का सामना करना पड़ा बसों में भारी भीड़ लगी रही और रही सही कसर जगह-जगह लगने वाले जाम ने पूरी कर दी बाहन चालकों को भी आज जाम के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। रक्षाबंधन का पर्व आज धूमधाम के साथ संपन्न हुआ बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे वचन लिया। लेकिन बसों में भारी भीड़ के कारण महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा अगवानपुर चौराहे पर लगे लंबे जाम ने बहनों को समय से भाइयों के घर तक नहीं पहुंचने दिया और वाहन चालकों को भी इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस जाम को लेकर पीडब्ल्यूडी की लापरवाही साफ उजागर हुई सेरुआ चौराहे से पहले सड़क पर पड़े गड्ढे को ठीक न करने के कारण वाहनों की लंबी-लंबी लाइन दोनों और लग गई आसपास निकलने वाले रास्ते भी जाम हो गए 400 मी का सफर तय करने में वाहनों को करीब 40 मिनट तक लग गए उसके बाद वाहनों को अगवानपुर कस्बे के अंदर से ले जाकर भटाबली के सामने निकाला गया। कई घंटे चले इस जाम ने लोगों को भारी दिक्कत में डाल दिया कुल मिलाकर मुसीबत के



साथ ही सही लेकिन रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया।

# तहसीलदार ने दिखाई दरियादिली, पानी से गुजर कर कई किलोमीटर जाकर ग्रामीणों को पहुंचाया भोजन

**कांठ।** तहसीलदार राजकुमार सिंह की दरिया दिली आज मिसाल बनकर रह गई तहसील के माध्यम से भोजन के पैकेट तैयार कराकर दरियापुर गांव के लोगों को भिजवाया गया। बतादे की रामगंगा में बाढ़ आने के कारण दरियापुर गांव चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है। जहां पर खाने पीने की काफी समस्या पैदा हो गई है कल तहसील के अधिकारियों ने मोटर बोट के सहारे गर्भवती महिलाओं को गांव से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया था।

आज तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा अपने मातहत लेखपाल अंकित चौहान अली हसन इलियास उस्मानी संजय शर्मा आदि को लेकर भोजन के पैकेट के साथ गांव पहुंचे इससे पहले करीब डेढ़ सौ मीटर पानी का सफर मोटर बोट के जरिए तय किया गया उसके बाद पानी से गुजरते हुए करीब 4 किलोमीटर का सफर करके



अधिकारी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराए।

तहसीलदार की इस दरिया दिली को देखकर ग्रामीण भी अचंबे में पड़ गए और इस कार्य की काफी सराहना की।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पर दिया बल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गागन तिराहा स्थित कैम्प कार्यालय पर एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।जिसमें मुरादबाद जिले व महानगर के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मेहताब चौहान साब ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया व जिला पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ने के निर्देश दिए, जनाब शमीम अहमद तुर्क मुख्य महासचिव शहजाद खा शादाब चौहान साहब, शादाब एस के साहब ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता शमीम अहमद साहब ने की, कार्यकर्ता सम्मेलन को जिला अध्यक्ष मोहिद फरगानी महानगर अध्यक्ष वकी रशीद, एहतेशाम मंसूरी युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष हाफिज वारिस, रईसुद्दीन मालिक, आमिल एडवोकेट, तालिब मालिक यूथ जिलाअध्यक्ष, साजिद सैफी, अर्शद सैफी, हाजी सलीम, जुल्फिकार ठेकेदार, मौलाना अफजाल, अशफाक चौधरी, तारिक अनवर आदि ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम में जिले के विभिन्न छेत्रो में समाज के लिए काम करनेवाले लोगो को सम्मानित किया गया जिसमे मौलाना ताहिर उल कादरी, मौलाना अफजाल, चांद खान, अतीकुर्रहमान, मुहम्मद अजीम, इस्लाम अर्शी, डॉ इरफानुल्लाह, डॉ शुऐब, अंजाम पाशा, सैय्यद मुस्तफा अली, रफत उस्मान साहिबा, फिरोज खान, साहिल शम्सी, मोहसिन खान, अतीकुर्रहमान, सलीम बाबरी साहब व जावेद रशीद को मरणोपरांत अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### रक्षाबंधन पर प्रेम और स्नेह का उत्सव: बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



**चन्दौसी।** श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पवित्र पर्व रक्षाबंधन शनिवार को पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर में भाई-बहन के रिश्ते की मिठास से भरा माहौल देखने को मिला। बहनों ने थाल सजाकर, आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। शहर के मोहल्लों, कॉलोनियों और ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही रक्षाबंधन की रौनक नजर आई। बाजारों में मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ रही, वहीं राखी के स्टॉल पर देर रात तक खरीदारी होती रही। कई परिवारों में बहनें मायके या ससुराल से लंबा सफर तय करके भाइयों के घर पहुंचीं, तो कहीं भाइयों ने खुद जाकर बहनों को राखी बंधवाई। इस मौके पर भावुक दृश्य भी देखने को मिले। कई बहनें वर्षों बाद अपने भाइयों से मिलीं और आंखों में खुशी के आंसू लिए उन्हें राखी बांधी। वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ एक-दूसरे की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां सजाईं। प्रदेश सरकार की ओर से बहनों के लिए नि:शुल्क रोडवेज यात्रा सुविधा का भी खासा असर दिखा। दूर-दराज के इलाकों से आई बहनों ने कहा कि इस पहल से उन्हें अपने भाइयों के पास आने में बड़ी सहूलियत मिली। रक्षाबंधन पर्व नेएक बार फिर यह संदेश दिया कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि यह विश्वास, स्नेह और संरक्षण का अटूट बंधन है। शहर की गलियों से लेकर गांव के चौपाल तक, हर जगह आज प्रेम, अपनापन और भाईचारे की मिठास घुली रही।

### रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक: गुलाब देवी



**चन्दौसी।** शनिवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने स्थानीय प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रक्षाबंधन केवल रेशम का धागा बांधने का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के बीच के अटूट स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, वहीं भाई जीवनभर उनकी रक्षा का वचन देते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा में भाई-बहन के संबंधों की मजबूती को दर्शाता है और हमें आपसी प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी निभाने की सीख देता है। गुलाब देवी ने प्रदेश सरकार की ओर से इस पर्व पर दी गई विशेष सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी बहनों के लिए रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई है। यह सुविधा प्रदेश भर में लागू की गई, जिससे बहनों को अपने भाइयों के घर तक पहुंचने में न तो किराये का भार उठाना पड़ा और न ही यात्रा में किसी प्रकार की कठिनाई हुई। राज्यमंत्री ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट करती हैं। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि अब पूरे प्रदेश की महिलाएं दिन या रात, किसी भी समय, बिना किसी भय के, सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ महिलाओं के लिए कई सुरक्षा उपाय लागू किए हैं, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर रही हैं। गुलाब देवी ने कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है। एकता को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी बहनों और भाइयों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें न सिर्फ रिश्तों को निभाने, बल्कि समाज में प्रेम और विश्वास का वातावरण बनाने की प्रेरणा देता है।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**बिलारी।** गांधी पार्क में सामाजिक कार्यकर्ता ने एकत्र होकर 9 अगस्त 1942 की याद करते हुए महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मीनाक्षी सखी ने बताया कि आज के दिन 1942 में पूरे देश में लोगों ने गांधी जी के आह्वान पर भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए महात्मा गांधी ने लोगों से कहा था कि करो या मरो। इसलिए पूरा देश आंदोलन में शामिल हुआ और इससे घबराकर अंग्रेजों को फैसला करना पड़ा अब उन्हें भारत को छोड़कर जाना होगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राकेश रफीक, प्रेम कुमार, डॉक्टर जितेंद्र दक्ष ने अपने विचार व्यक्त किये।

### युवाओं को राजनीति में आने का दिया प्रजापति समाज में संदेश

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव बनिया खेड़ा में प्रजापति समाज की चौपाल हुई।जिसमें समाज के लोगों ने भाग लिया। शनिवार को हुई बैठक में अनेक व्यक्तियों ने अपनी बात रखी। अमित कुमार प्रजापति विधान सभा अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने कहा कि समाज को शिक्षा , व्यवसाय , राजनीति के आगे बढ़कर हम सबको आना होगा। सदैव देश सेवा सनातन सेवा को सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ेंगे तो समाज के साथ साथ देश भी तरक्की करेगा। बैठक के आयोजक कपिल प्रजापति और प्रजापति युवा टीम बनियाखेड़ा ,मेघसिंह प्रजापति ,कमल प्रजापति ,विशाल प्रजापति,अर्पण प्रजापति, उमेश प्रजापति जी आदि मौजूद रहे।

# कुचावली में पांच कुंडीय यज्ञ का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास पर पूर्णिमा को लेकर शांति कुंज के तत्वाधान में पांच कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें देश समाज और किसानो की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई शांतिकुंज के जबर सिंह आदि ने हवन को विधि विधान के साथ संपन्न कराया।

इस अवसर पर ऋषिपाल सिंह शशिबाला सतवीर सिंह सहित काफी महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर बहनों के लिए सौगात रही यूपी में नि:शुल्क बस यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला शक्ति को सर्वोपरि मानते हैं। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को अपने भाइयों के घर जाने में कोई कष्ट न हो, इसके लिए यूपी में रोडवेज बस यात्रा नि:शुल्क की गई। साथ ही इस बार एक सहयात्री को भी नि:शुल्क यात्रा करने की सुविधा प्रदान की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा 08 अगस्त से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक मुफ्त यात्रा की घोषणा की गई। चन्दौसी रोडवेज बस स्टैण्ड प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, बदायूं, कासगंज, बरेली आदि स्थानों पर जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में बस उपलब्ध हैं। चक्कर भी बढ़ाये गये हैं। सवारियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जा रही है बल्कि सुबह के समय परिवहन निगम की बसों की संख्या अधिक थी और सवारियों की संख्या कम थी। रक्षाबंधन की मुफ्त यात्रा में मुस्लिम महिलाओं द्वारा भी जमकर यात्रा की गई और सुविधा का लाभ उठाया गया। वहीं रक्षाबंधन पर्व के चलते सड़कों पर वाहनों की संख्या अप्रत्याशित रुप से रही जिस कारण औरछी चौराहा, इस्लामनगर मार्ग, बिसौली



मार्ग पर वाहनों का लंबा काफिला दोनों ओर लग गया। यात्री ने पैदल चलकर औरछी, इस्लामनगर चौराहे से पथरा मोड़ पहुंचकर ई-रिक्शा की सहायता से अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे।

# विधायक कमाल अख्तर ने खादर क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों के लिए सरकार से मांगा मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** समाजवादी पार्टी से काठ विधानसभा के विधायक कमाल अख्तर ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण किया और किसानो की फसलों में हुए नुकसान का सरकार से मुआवजा मांगा। इस दौरान वह चौदरी अकबरपुर गांव पहुंचे और फरियाद की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बेग. मपुर महदूद कलमी कुमरिया जुमला आदि गांव में ट्रैक्टर से भ्रमण कर पानी से हुई फसलों में नुकसान का जायजा लिया और किसानो को भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने बताया कि कांड विधान सभा के दरियापुर बेगमपुर मल्लीवाला



महदूद कलमी हसनगढ़ी कुमरिया जुमला बीबीपुर सलावा आदि गांव बाढ़ की चपेट में है जिसमें लाखों बीघा कृषि भूमि बर्बाद हो चुकी है पशुओं के लिए बोया गया चारा भी खेतों में ही नष्ट हो गया है उन्होंने सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई।

# धर्मपाल सिंह ने जल शक्ति मंत्री से भेंटकर किसानों की समस्याओं पर किया विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने लखनऊ पहुंचकर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की और उनसे किसानो की सिंचाई संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की, धर्मपाल सिंह ने लखनऊ से लौटने के बाद बताया कि इस दौरान भाजपा संगठन को लेकर भी गहन चर्चा हुई और मंत्री जी ने 2027 के लिए योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत किए जाने का आह्वान किया।

धर्मपाल सिंह ने कुछ कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि इससे पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से



अवगत कराया खादर क्षेत्र के गांव में जल भराव की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया।

कई साल पहले अकबरपुर चौदरी लाउडस्पीकर विवाद में कार्यकर्ताओं पर लगे झूठे केस को खत्म कराने की मांग उठाई। कांठ रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए भी उन्होंने मंत्री जी से चर्चा की शक्ति मंत्री ने सभी समस्याओं पर अपने स्तर से प्रयास कर समाधान कराने का भरोसा दिलाया है।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल: रक्षाबंधन पर राज्यमंत्री ने मुस्लिम भाइयों को बांधी राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मिनी वृंदावन कहे जाने वाले चन्दौसी में रक्षाबंधन पर्व पर एक बार फिर हिंदू-मुस्लिम एकता देखने को मिली। प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी हर वर्ष की तरह इस बार भी अपने मुस्लिम भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं। गुलाब देवी पिछले 26 वर्षों से अपने मुंहबोले भाई, कांग्रेसी नेता सलीम सैफी को राखी बांध रही हैं। शहर के मोहल्ला जारई गेट निवासी सलीम सैफी ने बताया कि वह मंत्री गुलाब देवी को सगी बहन की तरह मानते हैं और वह भी बहन होने का फर्ज पूरी निष्ठा से निभाती हैं।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि जब उनकी बेटियों की शादी हुई तो बहन होने के नाते गुलाब देवी ने भात मांगा था और उन्होंने भाई का फर्ज निभाते हुए उसे पूरा किया। शनिवार को आयोजित राखी कार्यक्रम में गुलाब देवी ने दर्जनों मुंहबोले भाइयों को राखी बांधी। इस अवसर पर मुन्ना, तनवीर, महमूद अख्तर, बब्लू, आस मुहम्मद समेत कई लोग मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे उदाहरण चन्दौसी की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान हैं, जो हर पर्व और त्योहार पर आपसी प्रेम और भाईचारे को और मजबूत करते हैं।





# बहनों ने भाईयों को राखी बांध लिया रक्षा का वचन

## धूमधाम से मना रक्षा बंधन का पर्व, बारिश भी नहीं रोक सकी बहनों के कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले भर में रक्षा बंधन का त्यौहार पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर अटूट रिश्ते का धागा बांधा तथा उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। माथे पर तिलक कर मिठाई भी खिलाई। भाईयों ने भी बहनों का उपहार भेंट किये। जबकि घरों में पकवान बनाये गये।



सुबह से ही रक्षा बंधन को लेकर बहनों व भाईयों में उत्साह दिखाई दे रहा था। इस दिन का दोनों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कई दिन से बहनों का मायके आने का सिल. सिला जारी था। जो शनिवार को भी रहा। उन्होंने रक्षा बंधन पर भाईयों की कलाई पर प्यार का धागा बांधा तथा उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट किये। किसी ने उन्हें कपने दिये तो किसी ने अन्य उपहार देकर खुश किया। दोनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक कर उनसे अपनी रक्षा का वचन लिया। देर सांय तक यह सिलसिला चलता रहा। लगातार हो रही वर्षा भी बहनों के कदम नहीं रोक सकी। वह पूरे उत्साह के साथ मायके पहुंची तथा रक्षा बंधन का त्यौहार पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। हर कोई अपने स्तर से इस पर्व को यादगार बनाने में लगा था। जिन बहनों की शादी के बाद यह पहला रक्षा बंधन था वह अपने पति के साथ मायके पहुंची। सुबह से सांय तक राखी बांधने का सिलसिला जारी रहा। हर कोई पूरे उत्साह में दिखाई दे रहा था। भाईयों ने भी अपने बहनों का मुंह मीठा कराया। सुबह के समय रक्षा बंधन का पूजन भी किया गया। जबकि घरों में पकवान भी बनाये गये। हलवा, पूरी, छोले, चावल बनाये गये तथा मेहमानों का स्वागत किया गया। इसके अलावा इस पर्व का सिवई घरों में बनाने का भी रिवाज है। जिस कारण अधिकांश घरों में इन्हें बनाया गया।

## भाईयों की कलाई पर बांधा प्यार का धागा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राखी का पर्व केवल एक धागे का त्योहार नहीं है। यही धागा भाई-बहन के स्नेह को मजबूत करता है। भाई एवं बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही बहनें भाइयों को राखियां बांधने निकल पड़ीं। बहनों ने भाइयों को मंगल तिलक लगाकर कलाइयों पर राखी बांधी तो भाइयों ने उनके प्रतिरक्षा संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार दिये। गंगेश्वरी के ब्लॉक राजेंद्र सिंह की खड़गवंशी की बहन उषा देवी ने उनके घर पहुंच कर उनकी कलाई पर राखी बांधते हुए मंगल तिलक किया। यह त्यौहार हिन्दू मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक है। कहीं हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई की कलाई पर राखी बांधी तो कहीं मुस्लिम बहन ने हिंदू भाई की कलाई पर राखी बांधी। व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता की कलाई पर मुस्लिम बहन शाहजहां ने राखी बाँधी। यह रिश्ता दोनों का 27 साल पुराना है। अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य की कलाई पर मुस्लिम बहन हुमेरा सुल्तान ने राखी बाँधी।इससे पूर्व परंपरागत रूप से देवों को भी रक्षा सूत्र समर्पित किया गया। शनिवार को भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बनाया गया स इस मुबारक मौके पर बहनों ने राखी की थाली सजाई उसमे रोली , कुमकुम , अक्षत , दीपक , रखकर भाई को तिलक कर उनके दाहिनी कलाई पर राखी बांधते हुए भगवान से उनकी लंबी उम्र ,सुख शांति, और समृद्धि की कामना की।वही भाइयों ने भी बहन को रक्षा का वचन देते हुए उन्हें शगुन के रूप में उपहार भेट कर उनके दीर्घ जीवन की कामना की। वही रक्षाबंधन पर सुबह से ही शुभ मुहूर्त के साथ राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। रक्षाबंधन को लेकर पौराणिक और ऐतिहा. सिक परंपरा रही है। कहा जाता है की असुर देवता संग्राम में इंद्र को उनकी पत्नी इंद्राणी ने अभिमंत्रित रेशम का धागा बांधा था, जिसकी शक्ति से वे विजयी हुए। भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी द्वारा उनके घायल उंगली में साड़ी की पट्टी बांधने को भी रक्षाबंधन से जोड़कर देखा जाता है।

## वर्षा के कारण मेले में नहीं पहुंची महिलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रक्षा बंधन पर वासुदेव तीर्थ पर लगने वाला मेला भी फीका पड़ गया। यहां हर साल इस दिन ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें हाथी नाके की लड़ाई आकर्षण का केन्द्र रहती है। परन्तु लगातार हुई बारिश के कारण महिलाएं व बच्चें कम संख्या में यहां पहुंचे। हर साल रक्षा बंधन के मौके पर नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ पर मेले का आयोजन किया जाता है। परन्तु इस साल लगातार हो रही वर्षा के कारण इसका आयोजन फीका पड़ गया। इस मेले में हाथी नाके की लड़ाई का आयोजन भी किया जाता है। परन्तु वर्षा के कारण सब पर पानी फिर गया। हालांकि सांय के समय नाम नाम की संख्या में यहां महिलाएं पहुंची।

## बारिश से मायूस हुए पतंगबाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बारिश के कारण रक्षा बंधन पर होने वाली पतंगबाजी भी काफी कम नजर आई। पहले जहां आसमान रंग बिरंगी पतंगों से भरा रहता था वहीं वर्षा के कारण पतंगबाज मायूस नजर आये। रक्षा बंधन और 15 अगस्त दो पर्व ऐसे है जिन पर जमकर पतंगबाजी होती है। आसमान रंग बिरंगी पतंगों से भरा रहता है। रक्षा बंधन पर युवाओं व बच्चों ने कई दिन पहले से ही पतंग व डोरी की खरीदारी शुरू कर दी थी। परन्तु लगातार हो रही वर्षा के कारण उन्हें मायूसी हाथ लगी। हालांकि कुछ समय के लिये जब वर्षा रूकी तो पतंगबाज छतों पर नजर आये। परन्तु कुछ देर बाद फिर बारिश शुरू होने के कारण वह काफी मासूस रहे।

## महिला थाना प्रभारी ने मुस्लिम भाई को बांधी राखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मीनाक्षी गुप्ता ने रक्षाबंधन पर अपने मुस्लिम भाई जीशान मंसूरी को राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। इस मौके पर उन्होंने थाने के सभी पुलिसकर्मियों को भी राखी बांधी। मीनाक्षी गुप्ता पिछले कई वर्षों से अपने मुस्लिम भाई जीशान मंसूरी को राखी बांध रही हैं, जो भाई-बहन के रिश्ते में धर्म और जाति की सीमाओं को पार करने की मिसाल पेश करता है।



गजरौला। रक्षा बंधन पर भीड़ उमड़ने के कारण चौपला पर लगा जाम।

# नगर क्षेत्र में धूमधाम से मना रक्षा बंधन का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की, तो वहीं भाईयों ने भी बहनों को नकद धनराशि एवं उपहार भेंट करके उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया। वहीं त्यौहार पर भीड़ उमड़ने के कारण बसों, निजी वाहनों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही। पर्याप्त मात्रा में बस न चलने के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

**■ बहनों ने राखी बांधकर की भाईयों की दीर्घायू की कामना**



गजरौला। भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन



हसनपुर। ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र खड़गवंशी को राखी बांधती बहन।

शनिवार को सुबह से ही रक्षाबंधन का उल्लास शुरू हो गया था। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायू की कामना की तो वहीं भाईयों ने उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया। वहीं त्यौहार के चलते मिठाईयों की दुकानों पर भी खूब खरीददारी हुई। भाईयों ने अपनी बहनों के लिये गिफ्ट्स पैक भी खरीदे। भाई बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक इस त्यौहार को मनाने के लिये दूर दराज में रहने वालीं बहनें तमाम परेशानियों और यात्रा की कठिनाईयों को झेलते हुए भाईयों के घर पहुंची। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में यात्रा निशुल्क रखने की सुविधा प्रदान की थी। लेकिन पर्याप्त मात्रा में बस उपलब्ध न होने के कारण बसों में बेतहाशा भीड़ रही। नगर के चौपला पर तमाम बहनें और यात्री बसों की प्रतीक्षा में काफी काफी देर तक खड़े रहे। बसों में भीड़ का यह आलम था कि तमाम बहनों को खड़े होकर ही यात्रा करनी पड़ी। चौपला चौराहे पर जाम की स्थिति से निबटने के लिये पुलिस और यातायात विभाग के जवान सक्रिय रहे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने भी भ्रमण करके सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

# सड़कों पर रहा जाम, परेशान हुई बहनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रशासन द्वारा रक्षा बंधन पर जाम से बचने के लिये किया गया रूट डायवर्ट भी किसी काम नहीं आया। नगर में चल रहे ई-रिक्शा के कारण अधिकांश रास्तों पर जाम जैसे हालात रहे।

रक्षा बंधन के त्यौहार पर शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिये रूट डायवर्ट लागू किया गया था। ताकि बहनों को अपनी मंजिल तक पहुं. चने के लिये जाम से न जूझना पड़े। इसी को देखते हुए सुबह आठ से रात आठ बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रति. बंधित कर दिया गया था। इन वाहनों को बाईपास से गुजारा गया। परन्तु शहर में भीड़ का भारी दवाब होने के कारण कई रास्ते जाम हो गये। नगर में चल रहे ई-रिक्शा ने यातायात की पूरी सूरत बिगाड़ कर रख दी है। सवारी बैठाने के चक्कर में वाहन चालक किसी भी रास्ते पर अपना वाहन रोक देते है। जिससे सड़क पर जाम जैसे हालात पैदा हो जाते है। शनिवार को भी यहीं हुआ। नगर के कई रास्तों पर जाम जैसे हालात रहे। जिसमें फंसकर बहनों का बुरा हाल हो गया। लगातार हो रही बूंदाबांदी ने उनकी हालत और खराब कर दी।

# वाहन चोरी के आरोपियों का रिमांड निरस्त

## कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फर्जी आईडी बनाकर वाहन बेचने के चार आरोपियों की न्यायालय में पुलिस द्वारा मांगी गयी रिमांड निरस्त कर दी गयी। जिससे गजरौला पुलिस की बड़ी फजीहत हो रही है। वहीं दूसरी ओर कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं।

एडवोकेट सलीम खान ने बताया कि गजरौला पुलिस ने सरस्वती विहार कॉलोनी के रहने वाले गौरव सिद्धू की कार चोरी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर बीते बृहस्पतिवार की रात मथुरा जनपद के औरंगाबाद निवासी शुभम प्रताप सिंह, विवेक सिंह, हाथरस जनपद के गदाई निवासी छोटू चौधरी, हाथरस के ही शेरपुर निवासी अजीत और मढाका के रहने वाले अजीत उर्फ लक्की को गिरफ्तार दिखाया। सभी की गिरफ्तारी खाद गुर्जर रोड से दिखाई गई। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को वाहन बेचने और उसी वाहन को दूसरी चाबी से चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्य बताया था। प्रेसवार्ता करने के बाद पुलिस ने सभी लोगों को न्यायालय में पेश किया। रिमांड के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुना। जिसमें सामने आया कि पुलिस ने आरोपी शुभम प्रताप सिंह, छोटू चौधरी, अजीत, अजीत उर्फ लक्की और विवेक को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर एक जगह से पकड़ना दर्शाया है। विवेचक ने पांचों आरोपियों का एक ही गिरफ्तारी मेमों बनाया और 6 अगस्त की दोपहर 2:45 बजे व 4 बजे दिखाया। पुलिस ने यह उल्लेख नहीं किया कि किस आरोपी को कितने बजे गिरफ्तार किया गया। जबकि, पुलिस ने आरो. पियों को पकड़ने के बाद उनके परिजनों को सूचना नहीं दी गई। तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि विवेचक द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्पक्ष और निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया। आरोपियों को अनुचित तरीके से बिना साक्ष्यों के गिरफ्तार किया है। यह संविधान के अनुच्छेद 19, 21 व 22 के अधिकारों का उल्लंघन है। जिसके आधार पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुभम प्रताप सिंह, छोटू चौधरी, अजीत, अजीत उर्फ लक्की व विवेक सिंह का रिमांड निरस्त कर दिया। साथ ही एसपी अमरोहा को आवश्यक कार्रवाई करने और डीजीपी को निष्पक्ष व न्याय पूर्ण जांच करने के लिए आदेश की एक प्रतिलिपि भेजी है।

## रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम की निशानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम की निशानी है। शनिवार को लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली के आजाद रोड स्थित आवास पर कई महिलाएं पहुंची। जिन्होंने सदर विधायक महबूब अली को राखी बांधी। इस दौरान श्री अली ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम की निशानी है। उन्होने युवा पीढ़ी का आह्वान करते कहा कि माताओं व बहनों का सम्मान करें।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

## रिश्तेदारी से घर लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रिश्तेदारी से घर लौट रहे बाइक सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी 60 वर्षीय हरीराज आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव हयातपुर में रक्षाबंधन को लेकर पत्नी शांति को उसके मायके छोड़कर शुक्रवार की देर रात अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही



उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर मनौटा शिव मंदिर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना के आधार पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। और घायल को मेरठ ले जाने लगे। मेरठ ले जाते समय बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी तो वहां कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर नगर पहुंच गये। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक हरीराज अपने पीछे तीन बेटी दो बेटा वह पत्नी शांति को रोते बिलखते छोड़ गया है।परिजनों के द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

# भरभराकर गिरी मकान की छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गंगेश्वरी ब्लॉक में आने वाले बरतौरा गांव में रात भर हुई तेज बारिश ने एक बड़ा हादसा कर दिया। शनिवार तड़के करीब 4 बजे, रामभजन के बेटे बंटी के मकान की छत अचानक गिर गई। इस हादसे में घर में रखा काफी सामान बर्बाद हो गया।

हादसे के समय घर के लोग सो रहे थे। लेकिन गनीमत रही कि किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। छत गिरने से घर के अंदर रखा सामान, जिसमें एक बेड, टीवी, बड़ा संदूक और खाने-पीने का राशन शामिल था वह पूरी तरह से नष्ट हो गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय प्रशासन को इस घटना की सूचना दे दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही पीड़ित परिवार को सरकारी मदद मिल पायेगी। गांव के लोगों ने भी बंटी के परिवार को सहारा देने की कोशिश की है। यह घटना दर्शाती है कि बरसात के मौसम में जर्जर और पुराने मकानों में रहने वाले लोगों के लिए खतरा कितना बढ़ जाता है।

# दो सिपाही सस्पेंड व दरोगा समेत तीन लाइन हाजिर

## महीना न देने पर कैंटीन स्वामी को पीटा था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाइवे पर कैंटीन स्वामी के साथ मारपीट करने के मामले में एसपी ने रजबपुर थाने के दो सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया है जबकि एसएसआई समेत तीन को लाइन हाजिर किया गया है। एसपी की कार्रवाई से खाकी में हड़कम्प मचा है। सभी नशे में थे, एसपी ने सीओ लाइन को विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है।

रजबपुर थाने के एसएसआई आकाश कुमार के साथ सिपाही राहुल भाटी, विजय, राहुल राणा व दीपक तोमर गुरुवार रात करीब 11 बजे हाईवे पर जीएमएस कॉलेज के पास स्थित एक दुकान पर पहुंचे थे। आरोप है कि पांचों नशे की हालत में थे। उन्होंने क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी दुक. ानदार शम्शुद्दीन, उनके बेटे साकिब व शहादत के साथ मारपीट की थी। इतना ही नहीं बाद में पुलिस कर्मी तीनों को पीटते हुए थाने ले आए थे लेकिन पीछे-पीछे बड़ी संख्या में गांव के लोगों के पहुंचने पर तीनों को छोड़ दिया था। मारपीट का एक वीडियो शुक्रवार सुबह में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वहीं, पीड़ित दुकानदार शम्शुद्दीन ने एसपी स्तर पर भी पुलिसकर्मियों की दबंगता की शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही सदर विधायक महबूब अली ने भी एसपी से बातचीत कर मामले की जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने को कहा था। लिहाजा, एसपी ने सीओ सिटी शक्ति सिंह को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार देर रात एसपी ने सिपाही राहुल भाटी व विजय को सस्पेंड कर दिया जबकि एसएसआई आकाश कुमार व सिपाही राहुल राणा व दीपक तोमर को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने जांच में दोषी पाए जाने पर की गई कार्रवाई की पुष्टि की। वहीं, चर्चा है कि सस्पेंड पुलिसकर्मी दुक. ानदार शम्शुद्दीन पर महीना बांधने का दबाव बना रहे थे लेकिन उन्होंने कोई भी गलत काम न करने की बात कहकर महीना देने से इनकार कर दिया था।

**■ सदर विधायक महबूब अली ने एसपी से की थी कार्रवाई की मांग**

# शादी की जिद करने पर युवक ने की थी मंजू की गला दबाकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव खुंगावली में युवती की हत्या करके शव पेड़ से लटका देने वाले मामले में एक नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवती उससे शादी की जिद पर अड़ी थी और वह उससे शादी नहीं करना चाहता था, उसकी शादी कहीं ओर तय हो गई थी।

**■ तीन अगस्त को पेड़ से लटका मिला था युवती का शव**

बता दें कि 03 अगस्त को थाना क्षेत्र के गांव खुंगावली में किशोरी मंजू का शव जंगल में एक पेड़ पर लटका मिला था। मंजू के पिता मजदूरी करते हैं। मंजू के परिजनों के अनुसार वह 01 अगस्त को जंगल जाने की बात कहकर घर से निकली थी मगर फिर लौटकर नहीं आई। तीन अगस्त को उसका शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था, वहीं 05 अगस्त को पुलिस ने पिता की तहरीर पर गांव निवासी



विक्रम, उसके पिता कुंवरपाल, गजेन्द्र व नन्हूं पर मंजू की हत्या करके शव पेड़ पर लटका देने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई थी। क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने शनिवार को आरोपी विक्रम को गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि पूछताछ में आरोपी विक्रम सिंह ने बताया कि मंजू उससे शादी करने का दबाब बना रही थी जबकि वह उससे शादी नहीं करना चाहता था। उसने ही एक अगस्त को मंजू को फोन करके वन विभाग के ंगल में बुलाया और फिर उसे शराब पिलाकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में इस घटना को आत्महत्या का स्वरूप देने के लिये उसने पेड़ पर फंदा बनाकर शव को लटका दिया। वहीं मंजू के गायब होने के बाद परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, तीन अगस्त को वन विभाग के जंगल में मंजू का शव लटका मिला। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ साथ एसएसआई ब्रजेश कुमार, हेड कांस्टेबल शेखर व कांस्टेबल अश्वनी शामिल रहे।

संक्षिप्त खेल समाचार

## सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स जेद्दा में शुरू



**जेद्दा, वार्ता।** सऊदी अरब स्नूकर मास्टर्स 2025 का सऊदी अरब के जेद्दा में आगाज हुआ, जिसमें दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जड ट्रम्प और विश्व चैंपियनशिप विजेता झाओ शिनटोंग सहित कई शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए। जड ट्रम्प गत विजेता के रूप में वापसी कर रहे हैं। पिछले साल रियाद में हुए फाइनल में, ट्रम्प ने मार्क विलियम्स के खिलाफ शानदार वापसी की थी और निर्णायक राउंड में 62-0 से पिछड़ने के बाद 72 अंकों की शानदार क्लीयरेंस के साथ 10-9 से जीत हासिल की थी। इस साल के टूर्नामेंट में कुल 144 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में काइरेन विल्सन, मार्क विलियम्स, जॉन हिगिंस और रोनी ओ'सुलिवन जैसे विश्वस्तरीय सितारे शामिल हैं, साथ ही झाओ शिंटोंग, डिंग जुनहुई, झांग आंदा और सी जियाहुई जैसे अनुभवी और उभरते सितारों से युक्त एक मजबूत चीनी दल भी शामिल है।

## बारिश के चलते ओडीडब्ल्यू व सीडीके का मैच रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन 2 का सेंट्रल दिल्ली किंग्स (सीडीके) और आउटर दिल्ली वॉरियर्स (ओडीडब्ल्यू) के बीच शनिवार को खेला जाने वाला मैच लगातार हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। देर रात से हो रही बारिश के कारण डीपीएल सीजन दो का 14वां मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया।

# बेंगलुरु में बनेगा देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

- कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की घोषणा
- 80,000 दर्शकों की होगी स्टेडियम की क्षमता
- आरसीबी भगदड़ केस के बाद लिया गया फैसला

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था।

इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हास्टल, होटल और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हाल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए एनसीए जैसा बन सकता है। बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं हैं एम. चिन्नास्वामी बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच करने वाले जस्टिस जान माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था कि 32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए। महाराजा ट्रॉफी 2025 को मैसूर शिफ्ट किया गया 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को पुलिस से मंजूरी न मिलने के कारण महाराजा ट्रॉफी का आयोजन मैसूर में कराना पड़ रहा हैं। इसके बाद से विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी चिन्नास्वामी स्टेडियम मे जून में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई।

# रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास



- एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने

**चेन्नई, वार्ता।** शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा। कल चार भारतीय सर्फरों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद,आज सभी की निगाहें महाबलीपुरम के प्रसिद्ध राइट-हैंड पॉइंट ब्रेक पर थीं क्योंकि प्रतियोगिता निर्णायक नॉकआउट चरणों में प्रवेश कर गई। ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल, ओपन महिला सेमीफाइनल, अंडर-18 लड़कों के क्वार्टरफाइनल और अंडर-18 लड़कियों के क्वार्टरफाइनल जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन नॉकआउट मुकाबलों, उच्च दबाव वाले प्रदर्शनों और इतिहास रचने वाले क्षणों से भरा रहा। टीम इंडिया ने ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल में तीन सर्फरों के साथ दिन की शुरुआत की और यह एक ऐसा दिन बन गया जो भारतीय सर्फिंग इतिहास में दर्ज हो जाएगा। भारत के शीर्ष सर्फर, रमेश बुदिहाल ने क्वार्टरफाइनल हीट 1 में दबाव में लहरों के चयन और संयम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नील सांचेज (पीएचएल) - 12-80 को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में आगे बढ़ते हुए, रमेश ने एक सटीक समय पर, उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन के साथ अपनी गति बनाए रखी जिससे उन्हें एक तनावपूर्ण हीट में दूसरा स्थान मिला और उन्होंने फाइनल में जगह पक्की कर ली-किसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय सर्फर बन गए।




# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया को हराया

- एलिसा हीली ने 73 व तालिया विल्सन ने 43 रनों की शानदार पारी खेली, किम गार्थ को चार विकेट मिले

**मकाय, वार्ता।** एलिसा हीली (73), तालिया विल्सन (43) की शानदार बल्लेबाजी के बाद किम गार्थ (चार विकेट), एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आज ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 114 रनों से हरा दिया।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज तीन रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उमा छेत्री (शून्य) और शेफाली वर्मा (तीन) पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आक्रमण के आगे इंडिया ए की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकीं और पूरी टीम 15-1 ओवर में 73 के स्कोर पर सिमट गई। इंडिया ए की ओर से दिनेश वृंदा ने 21 और मिन्नू मनी 20 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से किम गार्थ ने तीन ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिए। एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन और सियाना जिंजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 11वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। तालिया विल्सन ने 35 गें. दों में छह चौकों की मदद से 43 रन बनाए। इसके बाद राधा यादव ने 15वें ओवर में एलिसा हीली को भी अपना शिकार बनाया। एलिसा हीली ने 44 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 70 रनों की पारी खेली। अनिका लीरॉइड ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान निकोल फॉल्टम (आठ) रनआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंडिया ए महिला टीम के लिए राधा यादव ने दो विकेट लिए। प्रेमा रावत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# दस भारतीय मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई

- सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** सात महिलाओं सहित दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में चल रही अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महिला मुक्केबाज निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पार्ची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) फाइनल में पहुंच गए हैं। कृतिका (80 किग्रा) को सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं, जो भारत के उभरते सितारों को एशिया के कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने का एक मंच प्रदान करती हैं। भारत ने 40 मुक्केबाजों का एक मजबूत दल उतारा है - प्रत्येक आयु वर्ग में 20 - जिसमें सिद्ध चैंपियन और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाली संभावित प्रतिभाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पारी और 359 रनों से पीटा, तीसरी बड़ी जीत दर्ज की



- जैकरी फॉक्स ने पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की, जिम्बाब्वे दूसरी पारी में 117 पर ढेर

**बुलावायो, वार्ता।** जैकरी फॉक्स (पांच विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 117 रनों पर ढेर कर मुकाबला पारी और 359 रनों से जीत लिया।

इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। यह न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी और ओवरऑल टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है जिसने ऑस्ट्रेलिया को 1938 में पारी और 579 रन से हराया था।

दूसरी सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है जिसने दक्षिण अफ्रीका को 2002 में पारी और 360 रन से पराजित किया था। न्यूजीलैंड की इससे पहले सबसे बड़ी जीत 2012 में थी जब उसने जिम्बाब्वे को पारी और 301 रन से शिकस्त दी थी। सुबह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को मैट हेनरी ने शुरुआत में दो झटके दिये। ब्रायन बेनेट (शून्य) और ब्रेंडन टेलर (सात) रन बनाकर आउट हुए। ब्रायन बेनेट के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये निक वेल्च ने शॉन विलियम्स के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन जेकब डफी ने विलियम्स (नौ) को आउटकर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। इसके बाद कप्तान क्रेग इर्विन ने निक वेल्च के साथ मोर्चा संभाला। मैथ्यू फिशर ने क्रेग इर्विन (17) को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के जैकरी फॉक्स के गें. दबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

- हसन नवाज ने नाबाद 63 और कप्तान रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली शाहीन को चार विकेट मिले

**टरूबा, वार्ता।** शाहीन शान अफरीदी (चार विकेट) और नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद हसन नवाज (नाबाद 63) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपना पहला विकेट सैम अयूब (पांच) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने



अब्दुल्लाह शफीक के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में शमार जोसेफ ने अब्दुल्लाह शफीक (29) को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। बाबर आजम (47) और आगा सलमान (23) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 48-5 ओवर में पांच विकेट पर 284 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 54 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 63 रन बनाए। और हुसैन तलत ने 37 गें. दों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 41 रनों की पारी खेली। हसन नवाज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, गुडाकेश मोती और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चार रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट ब्रैंडन किंग (चार) के रूप में गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने एविन लुइस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मकीम ने केसी कार्टी (30) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## आयरलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराया

**डबलिन, वार्ता।** ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (51 रन/एक विकेट), लॉरा डेलेनी (42) और रेबेका स्टोकेल (34) की शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 35 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। एमी हंटर (छह), ली पॉल (शून्य) और कप्तान गैबी लुईस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और लॉरा डेलेनी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 76 रनों की साझेदारी हुई। रमीन शमीम ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने 34 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद फातिमा सना ने लॉरा डेलेनी को आउटकर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। लॉरा डेलेनी ने 34 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 42 रन बनाए।

# टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हेड के साथ पारी खेल सकते हैं मार्श

- विश्व कप से पहले टीम के रूप में खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत : मार्श

**डार्विन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान मिशेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह फिलहाल इस प्रारूप में ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। मार्श 2021 से इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे नंबर के बल्लेबाज़ थे और इस कदम का फायदा भी हुआ जब इस ऑलराउंडर ने उस साल टी20 विश्व कप फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' प्रदर्शन किया। हालांकि उन्होंने अगले दो संस्करणों में भी इसी क्रम पर बल्लेबाजी जारी रखी है, 33 वर्षीय यह खिलाड़ी हेड के साथ शीर्ष क्रम में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हालांकि ग्लेन मैक्सवेल ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन दौरे पर हेड की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत की थी, लेकिन यह बाएं हाथ का बल्लेबाज भी अपनी पसंदीदा जगह पर वापसी करेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से



पहले डार्विन में मार्श ने कहा कि निकट भविष्य में मैं और हेडी (ट्रैविस हेड) ही शीर्ष पर रहेंगे। ज़ाहिर है, हम साथ में काफी खेल चुके हैं, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, इसलिए (हम) वहीं से शुरुआत करेंगे। विश्व कप से पहले टीम के रूप में, खिलाड़ियों को लचीला होने की जरूरत है, यही संदेश दिया गया है। मार्श द्वारा बल्लेबाजी क्रम को लचीला बनाने की अपील हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ 5-0 की हार के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहां मिशेल ओवेन जैसे खिलाड़ी ने हाल के महीनों में टी20 सर्किट में शीर्ष क्रम में अपनी छाप छोड़ने के बावजूद, मध्य क्रम में सहजता से बदलाव किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के लचीलेपन के कारण टिम डेविड ने उस श्रृंखला में एक मैच में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। इसने निश्चित रूप से 2021 के चैंपियन को डेविड को लगातार बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने का एक नया विकल्प दिया है। मार्श ने कहा कि हमने इस बारे में बात की है, हमने कैरिबियन में देखा है कि वह (डेविड) सामान्य से पहले बल्लेबाजी करने आए थे। उनका कौशल इसके लिए बना है। उम्मीद है कि वह जितनी ज्यादा गेंदों का सामना करेंगे, उतने ही ज्यादा मैच हमारे लिए जीतेंगे। गेंदबाजी के मामले में अपनी प्रगति के बारे में मार्श ने स्वीकार किया कि वह फिलहाल सिर्फ बल्लेबाज के रूप में ही खेलेंगे, लेकिन उन्होंने भविष्य में गेंदबाजी की जिम्मेदारी में वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मेरे लिए गें. दबाजी फिलहाल ऑफलाइन है, लेकिन यह हमेशा के लिए ऑफलाइन नहीं है। इस समय यह सीरीज दर सीरीज होगी, हमारे पास कई विकल्प हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व कप में अभी 15 मैच बाकी हैं, इसलिए हम अपनी मनचाही शैली पर काम करते रहेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे खिलाड़ी हर पल का आनंद लें और सीरीज जीतें।

## फलस्तीनी फुटबॉलर सुलेमान अल ओबेद की इजरायली सेना के हमले में मौत



**यरुशलम, वार्ता।** फलस्तीन राष्ट्रीय टीम के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुलेमान अल ओबेद (पेले) की इजरायली सेना के हमले में मौत हो गई है।

पीएफए ने बताया कि पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी 41 वर्षीय सुलेमान अल-ओबेद की दक्षिण गाजा में मानवीय सहायता का इंतजार करते समय इजरायली सेना के हमले में मारे गये। वह फलस्तीनियों के बीच पेले के नाम से मशहूर थे। उनके परिवार में पीछे पत्नी और पांच बच्चे हैं। सुलेमान अल-ओबैद ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत खादमत अल-शाती के साथ की थी, बाद में उन्होंने पश्चिमी तट पर मरकज शबाब अल-अमरी और गाजा स्पोर्ट के लिए खेला।

इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक गोल किए। यही से उन्हें पेले उपनाम मिला। पीएफए ने बताया कि उन्होंने 2007 में फिलिस्तीन के लिए राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 24 मैच जीते और दो गोल किए। इनमें से एक गोल 2010 पश्चिम एशियाई फुटबॉल महासंघ चैंपियनशिप के दौरान यमन के खिलाफ कैंची किक के रूप में किया गया था।पीएफए ने कहा कि अक्टूबर 2023 से अब तक खेल क्षेत्र से जुड़े 662 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें फुटबॉल समुदाय के 321 लोग शामिल हैं।

## बोडोलैंड एफसी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया

**कोकराझार, वार्ता।** स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि बोडोलैंड एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। बोडोलैंड एफसी के मुख्य कोच विकास पंथी ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में एक बदलाव करते हुए घाना के अब्दुल समद अंगो को दानस्वरांग बसुमतारी की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया।

# ट्रम्प ने आर्मेनिया-अजरबैजान की जंग खत्म कराई

## विवादित जमीन पर कारिडोर बनाने पर दोनों देशों में बनी सहमति, ट्रम्प रूट होगा नाम



■ डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया
■ आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में छह और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग को खत्म कराने के लिए समझौता करा दिया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल ने ट्रम्प की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में विवादित इलाके के लिए एक ट्रांजिट कारिडोर बनाने पर सहमति बनी है।

इस कारिडोर को ट्रम्प रूट फार इंटरनेशनल पीस एंड प्रास्पेरिटी नाम दिया जाएगा। यह कारिडोर अजरबैजान को उसके नखचिवान एंक्लेव इलाके से जोड़ेगा, जो आर्मेनिया से होकर गुजरेगा। दोनों नेताओं ने ट्रम्प और उनकी टीम को इसका श्रेय दिया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। इस दौरान ट्रम्प ने एक बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि दोनों एक दूसरे के खिलाफ बड़े संघर्ष में उलझे हुए थे। आर्मेनिया और अजरबैजान के अलावा ट्रम्प अब तक दुनियाभर में 6 और जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के साथ वार्ता शुरू की थी।

समझौते के बाद अगले हफ्ते से ट्रम्प रूट पर रेल, तेल-गैस पाइपलाइन और फाइबर आप्टिक लाइन विकसित करने पर बातचीत शुरू होगी। इसके अलावा, अमेरिका के साथ ऊर्जा, तकनीक और अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने के अलग-अलग समझौते भी हुए हैं। साथ ही आर्मेनिया और अजरबैजान ने एक पत्र पर हस्ताक्षर कर ओएससीई मिन्स्क ग्रुप को भंग करने की मांग की है। यह ग्रुप 1990 के दशक से रूस, फ्रांस और अमेरिका की अगुआई में इस विवाद का मध्यस्थ था।

### व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि आर्मेनिया और अज़रबैजान के बीच अमेरिका 'आखिरकार शांति स्थापित करने में सफल' हो गया है। उन्होंने कहा कि इस शांति समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों के 'द्वार खुलेंगे'। ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के होने से हम अंततः शांति स्थापित करने में सफल हुए हैं, और हम अभी ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) से निकले हैं, जहां हमने समझौते के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस में अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव और अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रम्प ने इसे 'एक महत्वपूर्ण संयुक्त शांति घोषणा' बताते हुए कहा कि 35 साल से लड़ाई चल रही थी, और अब वे दोस्त हैं। दोनों देश-आर्मेनिया और अज़रबैजान हमेशा के लिए सभी युद्ध रोकने, व्यापार, यात्रा और राजनयिक संबंधों को खोलने और एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि आप दोनों के बीच अच्छे संबंध होंगे और अगर ऐसा नहीं होता है, तो मुझे फ़ोन करें। ट्रम्प ने ज़ोर देकर कहा कि इस पहल को अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निवेश का समर्थन प्राप्त होगा, जिससे पश्चिम एशियाई देशों और वाशिंगटन दोनों को ही पर्याप्त आर्थिक लाभ होगा।

समझौते से पहले ट्रम्प ने आर्मेनिया, अजरबैजान, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ट्रम्प ने कहा था कि यह शिखर सम्मेलन दक्षिण काकेशस क्षेत्र की संभावनाओं को पूरी तरह खोलने में मदद करेगा। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर कहा-1920 के दशक में, सोवियत संघ ने आर्मेनिया और अजरबैजान पर कब्जा कर लिया था। 1980 के दशक के दौरान सोवियत संघ का शासन कमजोर हुआ। इसके बाद 1988 में नागोर्नो-काराबाख की संसद ने आर्मेनिया के साथ जाने का फैसला किया। इससे इलाके में रहने वाले अजरबैजानी लोगों का गुस्सा बढ़ गया। दोनों समुदायों के बीच 1991 में हिंसक झड़पें तेज हो गईं। आर्मेनियाई लोग ईसाई हैं, जबकि अजरबैजानी तुर्किश मूल के मुस्लिम हैं। इन धार्मिक और सांस्कृतिक अंतरों ने दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और टकराव को बढ़ाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सांस्कृतिक विरासत और मस्जिदों-चर्चों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।



नई दिल्ली। आईटीओ पर बारिश के बीच जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।

## प्रवासियों के जबरन निर्वासन की समस्या से जूझ रहा अफगान

**काबुल।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा है कि अफगानिस्तान पड़ोसी देशों से प्रवासियों के जबरन निर्वासन की सबसे बड़ी मुश्किलों से जूझ रहा है, जहां इसी वर्ष अब तक निर्वासित 15 लाख अफगानियों को वापस लाया गया है। अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने के पाकिस्तान के फैसले का ज़िक्र करते हुए संगठन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के बिना अफनिस्तान को एक गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फ़रहान हक़ ने कहा कि अफनिस्तान हाल के इतिहास में सबसे बड़े मुश्किलों में से एक का सामना कर रहा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन तत्काल अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान कर रहा है। सितम्बर 2023 से ईरान और पाकिस्तान से 40 लाख से ज्यादा अफन लौट चुके हैं, जिनमें से 15 लाख से जयादा अकेले 2025 में लौटें हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महिला ने एक रिपोर्ट में कहा है कि पड़ोसी देशों से निर्वासित प्रवासियों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और लड़कियों की है।

## हमास इजरायली बंधकों को रिहा करने को तैयार

■ नेतन्याहू के गाजा पर कब्जा करने के प्लान पर कहा: यह पिकनिक नहीं भारी कीमत चुकानी होगी

**गाजा/ तेल अवीव।** फलस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास सभी बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है। इसके साथ ही उसने कहा कि इजरायल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी।

इससे पहले इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के आफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। करीब 10 घंटे चली बैठक के बाद बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं।

# ट्रम्प के टैरिफ का हुआ उल्टा असर: जॉन बोल्टन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले: अमेरिका की बरसों पुरानी मेहनत बर्बाद हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। सीएनएन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीतियों को 'भारी भूल' बताया और कहा कि अमेरिका ने रूस और चीन को भारत से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश की थी लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए।

इससे भारत, रूस और चीन के करीब आ सकता है। बोल्टन ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें। बोल्टन बोले: दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती' जान बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति



■ भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रम्प की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार बिजनेस और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीसे से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं।

अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया था कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकार्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डालर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी।

ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से ट्रंप से नहीं मिले हैं। ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी। बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में पुतिन ने ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र-जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है।

# यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान होगा

## ट्रम्प-पुतिन मुलाकात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दी चेतावनी

**कीव।** अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के बिना कोई भी शांति समझौता मृत समाधान माना जाएगा।

15 अगस्त को होने वाली ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है। ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। स्थाई शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन की आवाज को भी शामिल



■ यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा
■ यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले

किया जाना चाहिए। यूक्रेन रूस को उसके किए के लिए कोई पुरस्कार नहीं देगा। यूक्रेनी लोग अपनी जमीन पर रूस को कब्जा नहीं करने देने वाले हैं। जेलेंस्की ने कहा कि कोई भी समाधान जो यूक्रेन के बिना हो, वह शांति के खिलाफ भी है। इनसे कुछ हासिल नहीं होगा। ये बेजान समाधान हैं, ये कभी काम नहीं आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलान किया कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प की इस घोषणा के बीच, मोर्चे पर लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों को कूटनीतिक हल की ज्यादा उम्मीद नहीं है। ट्रम्प ने लगभग दो हफ्ते पहले पुतिन को बमबारी रोकने का अल्टीमेटम दिया था और धमकी दी थी कि अगर रूस पीछे नहीं हटता तो अतिरिक्त प्रतिबंध और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। रूस की सेना धीरे-धीरे यूक्रेन में आगे बढ़ रही है और शहरों पर लगातार हमले कर रही है। जबकि यूक्रेन एक शांति समझौते के लिए तैयार है। यूक्रेन की शर्त से है कि उसे सैन्य रूप से खोए हुए क्षेत्रों को पुनः वापस दिया जाए। यूक्रेन को डर है कि अगर अमेरिका और रूस अकेले में बातचीत करते हैं तो उसकी बात सुनी नहीं जाएगी। जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने कई यूरोपीय नेताओं से फोन पर बातचीत की, ताकि यूक्रेन को समर्थन मिलता रहे। यूरोपीय देशों ने रूस के हमले का विरोध करते हुए यूक्रेन को समर्थन देने का वादा किया है।

## हथियारों की होड़ से हासिल नहीं की जा सकती शांति और सुरक्षा: गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। गुटेरेस ने कहा कि वह 80 साल पहले 09 अगस्त को नागासाकी पर हुये परमाणु हमले में मारे गए हजारों लोगों को याद करते हैं और उन लोगों के शोक में शामिल हैं जिन्होंने उस दिन अपने प्रियजनों को खो दिया था। उन्होंने उस हमले में जिदा बच्चे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# चीन बोला: पीएम मोदी का स्वागत है

## भारतीय प्रधानमंत्री गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एसआसी) शिखर सम्मेलन के लिए स्वागत करता है। यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद चीन की यात्रा करेंगे।

चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि, 31

■ एसओसी समिट में शामिल होंगे

अगस्त से 1 सितम्बर तक होने वाले इस शिखर सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो।

## महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

■ जिम लवेल की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था। नासा की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फॉरेस्ट में निधन हो गया। उनकी मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुए हैं। अंतरिक्ष यात्री लवेल के परिवार ने गोपनीयता का अनुरोध किया लेकिन एक बयान में कहा कि हमें अपने प्रिय पिता यूएसएन कैप्टन जेम्स ए-'जिम' लवेल, के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। वह एक नौसेना पायलट और अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, नेता और अंतरिक्ष अन्वेषक रहे थे। परिवार ने अपने बयान में कहा कि हमें उनके अद्भुत जीवन और करियर की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान में अग्रणी उनके शानदार नेतृत्व ने भी योगदान दिया। गौरतलब है कि अपोलो 13 की कमान संभालने के लिए चुने जाने से पहले लवेल जेमिनी 7, जेमिनी 12 और अपोलो 8 मिशनों पर तीन बार अंतरिक्ष में जा चुके थे।

# नागासाकी पर परमाणु हमले के 80 साल पूरे

## दुनिया में आखिरी बार न्यूक्लियर बम नागासाकी पर गिरा था, जल गए थे 70 हजार लोग जिंदा

**टोक्यो।** जापान के नागासाकी में शनिवार को अमेरिकी परमाणु हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इस मौके पर हमले से बचे हुए लोगों ने कहा कि उनका शहर दुनिया का आखिरी स्थान बने, जहां परमाणु बम गिरा हो। 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया था। इसमें करीब 70000 लोग मारे गए। इस बम का नाम 'फैटमैन' था। इससे तीन दिन पहले यानी 6 अगस्त को अमेरिका ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इस बम का नाम लिटिल बाय था। इसमें 1.4 लाख लोगों की मौत हुई थी। इन हमलों के बाद 15 अगस्त 1945 को जापान ने सरेंडर कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हो गया। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर



आए। नागासाकी पर हमले की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर पीस पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चे फूल लिए नजर आए। नागासाकी शांति प्रतिमा के सामने खड़े होकर लोगों ने हमले के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। नागासाकी प्रशासन ने सभी देशों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। हालांकि चीन ने बिना कारण बताए आने से इन्कार कर दिया। नागासाकी पीस पार्क में आयोजित समारोह में 95 देशों के प्रतिनिधि, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और नागासाकी के मेयर शिरो सुजुकी मौजूद रहे। कुल 3 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पिछले साल यह कार्यक्रम विवाद में आ गया था क्योंकि जापान ने इजराइल को आमंत्रित नहीं किया था, जिसके चलते अमेरिकी राजदूत और कई पश्चिमी देशों के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे। इन परमाणु हमलों से बचे 99,130 लोग अभी भी जिंदा है। इन्हें हिबाकुशा कहा जाता है। 1945 के मुकाबले इनकी संख्या सिर्फ एक चौथाई रह गई है और औसत उम्र 86 साल से अधिक है। जिंदा बचे लोगों में से कई लोग हमले के वक्त इतने छोटे थे कि उनकी यादें भी धुंधली हैं। बावजूद इसके वे परमाणु हथियारों के खत्म होने का सपना देख रहे हैं।

## अटलांटा में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी और संदिग्ध की मौत

**अटलांटा।** अमेरिका में अटलांटा के एमोरी विश्वविद्यालय में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और पुलिस की गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। गोलीबारी की ये घटना एमोरी विश्वविद्यालय और अमेरिकी सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंज प्रीवेन्शन(सीडीसी) के परिसरों के करीब हुई। पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4:50 बजे जानकारी मिली और उसने तुरंत कार्रवाई की। संदिग्ध व्यक्ति गोलीबारी की वजह से सीवीएस फार्मेसी के करीब दूसरी मंजिल पर फंस गया था। सीएनएन की खबर के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गोली से मरा या उसने खुद अपनी जान ली। अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस ने संदिग्ध की मौत की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि हमले के दौरान किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मेयर ने कहा कि इस समय परिसर में कोई खतरा नहीं है लेकिन जांच अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक संदिग्ध सीडीएस भवन को निशाना बनाने के लिए आया था और बताया जाता है कि वह कोविड-19 टीके की वजह से बीमार था। सीएनएन की खबर के मुताबिक सीडीसी के एक कर्मचारी ने देखा कि संदिग्ध व्यक्ति एजेंसी के मुख्यालय में गोली चला रहा है।



# अदिति राव को आईएफएफएम में मिलेगा डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिती राव आईएफएफएम 2025 में शिरकत करने जा रही हैं। अदिति एक ऐसी कलाकार हैं जिन्होंने हर मंच और मीडियम पर अपनी अदाकारी से पहचान बनाई है, चाहे वह मेनस्ट्रीम हो या इंडिपेंडेंट सिनेमा, ओटीटी हो या थिएटर, और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु जैसी भाषाओं में भी उन्होंने कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं।

उनके इसी बहुआयामी योगदान को सराहते हुए, उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अदिति राव हैदरी ने इस अवसर पर कहा कि मेलबर्न के इस खास फिल्म फेस्टिवल में गेस्ट ऑफ ऑनर बनना और डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड पाना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।

मेलबर्न हमेशा से ही बहुत प्यार और अपनापन देने वाला शहर रहा है। यहां आकर सिनेमा के इतने जुनूनी दर्शकों के बीच खुद को सम्मानित होते देखना बेहद खास अनुभव है। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूं उन सभी कलाकारों और सिनेप्रेमियों से मिलने का और इस फेस्टिवल की उर्जा को महसूस करने का। फेस्टिवल की डायरेक्टर मीतू भौमिक लैंगे ने कहा कि अदिति राव हैदरी, शालीनता और कला की सच्ची मिसाल हैं। उनका हर किरदार उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई को दर्शाता है। हम बेहद खुश हैं कि वह आईएफएफएम 025 का हिस्सा बन रही हैं और हम उन्हें डाइवर्सिटी इन सिनेमा अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे। उनकी मौजूदगी इस साल के आयोजन को और भी यादगार बना देगी।

### मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल में शामिल होने पर जताई खुशी

**मुंबई।** अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती ने स्टार प्लस के रक्षाबंधन स्पेशल शो में शामिल होने पर खुशी जताई है। इस बार स्टार प्लस ने रक्षाबंधन को अपने खास अंदाज़ में मनाया स्टार परिवार बहन का ड्रामा, भाई का स्वैग के साथ।

इस मजेदार और रंग-बिरंगे सेलिब्रेशन में ड्रामा, डांस और दोस्ती का पूरा तड़का देखने को मिला। इस खास मौके पर स्टार परिवार के सदस्य्य एक साथ जुटे और शुरू हुई झनक के लिए परफेक्ट भाई की तलाश। नए शो इशानी में लीड रोल निभा रही मेघा चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अपना अनुभव साझा किया।

# वॉर-2 के कई सीन्स पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म वॉर-2 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को UA 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलाग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा। इशारे वाले सीन के ठीक एक मिनट फिल्म में अश्लील डायलाग को भी बदला गया है। इतना ही नहीं सीबीएफसी ने मेकर्स से सेंसुअल सीन पचास फीसदी तक कम करने को कहा है। लगभग 9 सेकंड की सेंसुअल फुटेज को फिल्म से हटाया गया है। माना जा रहा है कि यह कट्स कियारा आडवाणी के बिकिनी सीक्वेंस से जुड़े हैं। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्राफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। वॉर सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी।



# बैदा अब प्राइम वीडियो पर उपलब्ध

**मुंबई।** साइ-फाई सुपरनैचुरल थ्रिलर बैदा अब प्राइम वीडियो पर रेंट पर देखने के लिए उपलब्ध है।

बैदा दर्शकों को एक रहस्यमय और डरावनी यात्रा पर ले जाती है, जिसमें आधुनिक थ्रिल और अलौकिक तत्वों का अनोखा मेल देखने को मिलता है। 21 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई इस फिल्म को इसकी अनोखी कहानी, दमदार निर्देशन और रोमांचक प्रस्तुतिकरण के लिए खूब सराहा गया है। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के एक दूरद. राज़ गांव की है, जहां लगातार रहस्यमई गायब होने की घटनाएं हो रही हैं। यहां एक पूर्व जासूस जो अब एक सेल्समैन बन चुका है, गांव पहुंचता है और खुद को एक रहस्यमई साए पिशाच के चंगुल में फंसा हुआ पाता है। जैसे-जैसे वह एक दूसरी दुनिया में खिचता चला जाता है, सच और झूठ का फर्क उसके लिए धुंधला होने लगता है। गांव वालों के साथ मिलकर वह पुरजोर को. शिश करता है खुद को मौत से बचाने के लिए और पिशाच के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए। बैदा उन चुनिदा भारतीय फिल्मों में से है जिस पर यूट्यूब पर कई एक्सप्लेनर वीडियो बनाए गए हैं, जिन्हें लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं। खासकर साइंस फिक्शन और सुपरनैचुरल प्रेमियों के बीच इस फिल्म की डिजिटल रिलीज़ का बेसब्री से इंतजार था।

# पति फहाद अहमद को छपरी कहने पर भड़कीं स्वरा भास्कर



**मुंबई।** एक्ट्रेस स्वरा भास्कर और उनके राजनेता-पति फहाद अहमद इस वक्त पति पत्नी और पंगा रियलिटी शो को लेकर सुर्खियों में हैं। शो में फहाद को देखकर एक ट्रोल ने मजाक उड़ाते हुए उन्हें छपरी और डोंगरी का स्ट्रीट वेंडर कह दिया। इस बात पर स्वरा ने भी उस ट्रोल को आड़े हाथों लिया है। स्वरा ने एक्स पर उस यूजर की प्रोफाइल का स्क्रीनशाट शेयर किया है। रो. हित नाम के उस शख्स ने अपने पोस्ट में लिखा था-परिणीति चोपड़ा को अपने पति को पीआर के लिए टाक शो में ले जाते हुए देखने के बाद, स्वरा भास्कर ने भी ऐसा ही करने के बारे में सोचा। वो अपने डोंगरी के छपरी वाले पति को एक रियलिटी शो में ले गई। पीआर तो छोड़िए, उसका पति डोंगरी का कोई रेहड़ी वाला लग रहा था। जवाब में स्वरा स्क्रीनशाट शेयर करते हुए लिखती हैं-यह मूर्ख जो खुद को एक गौरवशाली हिंदू और अंबेडकरवादी दोनों बताता है, उसे यह नहीं पता कि छपरी एक जातिवादी शब्द है। एक अपमान. जनक शब्द जिसका इस्तेमाल उस समुदाय का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो छप्पर या फूस की झोपड़ियां बनाते हैं। डोंगरी या कहीं भी स्ट्रीट वेंडर होने में कुछ भी गलत नहीं है, तुम जातिवादी/वर्गवादी और कचरा दिमाग वाले हो। बता दें कि स्वरा और फहाद फिलहाल कलर्स चैनल के रियलिटी शो का पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रहे हैं। इस शो को एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी होस्ट कर रहे हैं। इस शो में फेमस सेलिब्रिटी कपल को दिखाया जाता है। उनके रिश्तों को परख और उनकी केमिस्ट्री को चुनौती दी जाती है।



# ऑडिशन के नाम पर रेस्टोरेंट में रोने को कहा

**मुंबई।** सैयारा फिल्म में अनीत पड्डा की कास्टिंग फेमस कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने की थी। हाल ही में शानू ने द हालीवुड रिपोर्टर इंडिया के लिए अनुपमा चोपड़ा को एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया, जिसमें वो अनीत की कास्टिंग प्रोसेस पर बात करते नजर आईं। शानू ने इस इंटरव्यू का अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी किया है। अब उस पोस्ट पर 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस ईशा तलवार ने कुछ ऐसा कमेंट किया है, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। शानू के पोस्ट पर ईशा ने अपने आडिशन का किस्सा शेयर करते हुए नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे शानू और उनकी टीम ने उनका आडिशन लिया था, जिसकी वजह से उनका कान्फिडेंस पूरी तरह टूट गया था।

वो लिखती हैं- जब मैंने रोल के लिए शानू को आडिशन देना शुरू किया, मुझे मुंबई के वर्सोवा में मिया कुचीना रेस्टोरेंट में एक सीन करने के लिए कहा गया। एक बिजी रेस्टोरेंट के बीच में एक रोने वाला सीन, जिसमें कस्टमर मेरी टेबल के बगल में खाना खा रहे थे। मुझे कहा गया कि एक एक्टर के रूप में मुझमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए और इसलिए मुझे शानू और उसके कुछ असिस्टेंट के सामने बैठकर रोने वाला सीन करना चाहिए। यह एक बहुत ही कंफ्यूजिंग और अजीब डिमांड थी।

इसने फिल्मों में एक यंग लड़की के तौर पर मेरे कान्फिडेंस को बुरी तरीके से तोड़ दिया। मैं समझ नहीं पा रही थी कि एक सीनियर कास्टिंग डायरेक्टर को एक यंग लड़की को इस स्थिति से क्यों गुजारना है। वो आगे लिखती हैं- उचित तो यह होता कि एक्टर को आडिशन देने के लिए एक अच्छा कास्टिंग आफिस प्लेस दिया जाए।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# नवम्बर में आएगा राजामौली का बड़ा सरप्राइज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एस एस राजामौली ने बताया है कि उनकी फिल्म का खुलासा नवम्बर 2025 में होगा।

एस एस राजामौली वाकई भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े निर्देशकों में से एक हैं। अपने शानदार विज़न के साथ उन्होंने बाहुबली फ्रैंचाइज़ और आरआरआर जैसी अब तक की सबसे बड़ी और लाजवाब ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने से लेकर पैन-इंडिया फिल्मों का ट्रेंड तय करने तक, वे भारतीय सिनेमा की दिशा बदलने वाले शख्स हैं। जहां दर्शक हमेशा यह जानने को उत्सुक रहते हैं कि उनकी की अगली फिल्म क्या होगी, वही अब उन्होंने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक हिट दे दिया है। उन्होंने मेगा अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि इस फिल्म से जुड़ा बड़ा खुलासा नवम्बर 2025 में होगा। हाल ही में एस एस राजामौली ने सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अपनी चर्चित आने वाली फिल्म को लेकर एक मेगा अनाउंसमेंट कर सबको चौंका दिया।

इस फिल्म के भव्य पैमाने ग्लोबट्रॉटर का जिक्र करते हुए उन्होंने नवम्बर 2025 में एक ऐसा खुलासा करने की बात कही। उन्होंने सस अपने सोशल मीडिया पर एक असरदार तस्वीर शेयर की, जिसमें एक व्यक्ति के सीने पर एक लटकता हुआ लॉकेट नजर आ रहा था। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा द फर्स्ट रिवील इन नवम्बर 2025 ग्लोब ट्रॉटर इसके अलावा, उन्होंने एक नोट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, प्रिय भारत और दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों, साथ ही महेश के फैंस, काफी समय हो गया है जब से हमने शूटिंग शुरू की है और हम आपके इस फिल्म को लेकर उत्साह की सराहना करते हैं, लेकिन इस फिल्म की कहानी और दायरा इतना बड़ा है कि मुझे लगता है, सिर्फ तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस इसके साथ न्याय नहीं कर सकते। हम इस समय कुछ ऐसा तैयार कर रहे हैं, जो हम जिस दुनिया को बना रहे हैं, उसकी असलियत, गहराई और अनुभव को दर्शा सके। इसे हम नवम्बर 2025 में पेश करेंगे और हम इसे एक ऐसा खुलासा बनाने की कोशिश में हैं, जो पहले कभी नही देखा गया हो। आप सभी के धैर्य के लिए धन्यवाद। कैप्शन में आगे लिखा है,मेरे सभी ग्लोब ट्रॉटर के चाहने वालों के लिए। इस ऐलान ने एक बार फिर एसएस राजामौली के नवम्बर 2025 में होने वाले बड़े खुलासे को लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी है। जहां उनके सुपरस्टार महेश बाबू के साथ अगले प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी बातें हो रही हैं, वहीं यह ऐलान न सिर्फ इन चर्चाओं को और बढ़ाएगा बल्कि उत्साह को भी अपने ऊंचे स्तर पर पहुंचा देगा। अब देखना है कि पर्दा किस रूप में उठता है।



ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108